नव प्रदेश

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, शनिवार 20 नवंबर 2021, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-275 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

तीनों कृषि कानून रद्द, नमो नतमस्तक...

सीएम भूपेश ने कहा-गांधीवादी विरोध ने दिखाई ताकत

■ **किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा जारी रहेगा आंदोलन, जब तक संसद में बिल वापस नहीं हो जाता**

नई दिल्ली। करीब एक साल से केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए विवादास्पद तीन कृषि कानूनों को लेकर देश में एक बड़ा मुद्दा बना हुआ था। हालांकि अब केंद्र सरकार ने इस मुद्दे को हल करते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा की कि केंद्र ने तीन कृषि कानूनों को रद्द करने का फैसला किया है। गुरु नानक जयंती के शुभ अवसर पर, मोदी ने यह भी घोषणा की कि 29 नवंबर से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में कानूनों को निरस्त करने की संवैधानिक प्रक्रिया को लिया जाएगा और आंदोलनकारी किसानों से अपना आंदोलन वापस लेने और वापस उनके घर लौट जाने की अपील की।

27 सितंबर 2020 को पारित हुआ था कानून

गौरतलब है कि संसद के मानसून सत्र में पारित होने के बाद, राष्ट्रपति ने 27 सितंबर, 2020 को तीन कृषि विधेयकों को अपनी सहमति दी थी। तीन विधेयक- किसान उत्पाद व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, 2020, मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा विधेयक, 2020 पर किसान (सशक्तिकरण और संरक्षण) समझौता और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस खड़ी है किसानों के साथ

प्रधानमंत्री द्वारा तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इसे 'अन्याय और अहंकारी सरकार के खिलाफजीत' करार दिया है। राहुल गांधी ने कहा, अन्याय के खिलाफजीत की बधाई, देश के किसानों ने अहंकारी सरकार को सत्याग्रह के माध्यम से झुकने के लिए मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बात से खुश है कि कृषि कानून वापस ले लिए गए हैं क्योंकि कांग्रेस किसानों के समर्थन में हमेशा कड़ी रही। और काले कनून की वापसी की मांग पर अडिग रही। उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक विरोधों से जो हासिल नहीं किया जा सकता है, वह आसन्न चुनावों के डर से हासिल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों को समझाने में विफल रहे हम : मोदी

पीएम मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में माफी मांगते हुए कहा, ऐसा लगता है कि कुछ किसान अभी भी हमारे ईमानदार प्रयासों से आश्वस्त नहीं हैं। हमने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने का फैसला किया है। इन कानूनों को निरस्त करने की संवैधानिक प्रक्रिया संसद सत्र के दौरान पूरी हो जाएगी जो इस महीने के अंत में शुरू होगी।मोदी ने केंद्र, राज्य सरकारों, किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधियों की एक समिति बनाने की भी घोषणा की, जो इस बात पर चर्चा करेगी कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है। कैसे शून्य बजट खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है और फसल पैटर्न को कैसे वैज्ञानिक तरीके से बदला जा सकता है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत यह कहते हुए की सरकार की नियत साफ है और यह किसानों, विशेषकर छोटे जोत वाले किसानों के लाभ की उम्मीद में तीन कृषि कानून लाए थे। हमारे प्रयासों के बावजूद, कृषि अर्थशास्त्रियों और कृषि वैज्ञानिकों के प्रयासों के बावजूद, हम अपने प्रयासों की ईमानदारी के बारे में किसानों के एक वर्ग को समझाने में विफल रहे।

कृषि कानून की वापसी पर क्या बोले अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री व नेता

सत्य, न्याय और अहिंसा की जीत हुई। अन्नदाताओं की जीत और सरकार के अहंकार की हार हुई. लगभग 12 महीने के गांधीवादी आंदोलन के बाद आज देश के 62 करोड़ अन्नदाताओं-किसानों-खेतिहर मजदूरों के संघर्ष और इच्छाशक्ति की जीत हुई.
सोनिया गांधी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कांग्रेस।

किसानों के गांधीवादी विरोध ने अपनी असली ताकत दिखाई है। केंद्र सरकार को तीन काले कानूनों को वापस लेने पर बाध्य करने के लिए देश के किसानों को बधाई। यह किसानों की ही नहीं, अन्याय के खिलाफ लोकतंत्र की जीत है।
भूपेश बघेल, सीएम छत्तीसगढ़।

किसानों की मेहनत रंग लाई है। देश के हालात को देखते हुए पीएम को तीन कृषि कानून वापस लेने पड़े। आज का फैसला यूपी चुनाव को देखते हुए लिया गया। चुनाव जीतने के लिए पीएम और उनकी पार्टी भाजपा पूरी कोशिश कर रही है। क्या पता उन्हें (भाजपा) को पश्चिम बंगाल जैसा झटका यहां भी लगे।
अशोक गहलोत, सीएम राजस्थान।

मैं देश के सभी किसानों को बधाई देता हूं। यह उनके आंदोलन का परिणाम है, लेकिन अगर यह निर्णय जल्दी किया जाता तो 700 किसानों की जान बचाई जा सकती थी। फिर भी यह बड़ा फैसला है। शायद भारत के इतिहास में पहली बार, सरकार एक आंदोलन के कारण तीन कृषि कानून वापस ले रही है।
अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली।

किसानों के हित में, सभी तीनों कृषि कानून को निरस्त करने का पीएम नरेंद्र मोदी के फैसले का स्वागत है। आपके खेत और परिवार लंबे समय से आपका इंतजार कर रहे हैं और उन्हें आपका वापस स्वागत करने में खुशी होगी। बीजेडी आपके साथ खड़ी है।
नवीन पटनायक, सीएम ओड़िशा।

यह किसानों की जीत है। हर एक किसान को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई, जिन्होंने लगातार संघर्ष किया और भाजपा की क्रूरता के आगे नहीं झुके। ये आपकी जीत है!
ममता बनर्जी, सीएम पश्चिम बंगाल।

यह किसानों के आंदोलन की जीत है। हम कृषि कानूनों को वापस लेने का स्वागत करते हैं। लोकतंत्र में लोगों के विचारों का सम्मान किया जाना चाहिए और आज तीन कृषि कानूनों को वापस लेना इतिहास में रहेगा।
एमके स्टानिल, सीएम तमिलनाडू।

आज बेबाक

कहते है न कि नेक नीयत रखने से ही नेक काम नहीं हो जाते। कई बार नेक काम की राह में ऐसी हिमालयी बाधाएं आ जाती है कि आसमानी इरादें भी टूट जाते है। केन्द्र सरकार ने देश के 80 प्रतिशत छोटे किसानों के हित में तीन नए कृषि कानून पारित किए थे। जिसके खिलाफ किसान संगठनों ने आंदोलन छेड़ दिया। समूचा विपक्ष उनके साथ खड़ा हो गया। किसानों के आंदोलन के चलते अराजकता की स्थिति बनने लगी। नतीजतन केन्द्र सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए। इसी के साथ आंदोलन जीवियों और उनके हिमायतियों की दुकानदारी का भी भट्टा बैठ गया।

सूर्योदय

उदय : 6:50 प्रात:

अस्त : 5:22 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,907,756,200

भारत: 1,399,099,710

बाजार

सेंसेक्स : 59,636.01

निफ्टी: 17,764.80

गोल्ड : 52,530 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 67,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.81 प्रति नग

दिवस

अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस

विश्वभर में हर साल 20 नवम्बर को बाल दिवस मनाया जाता है। इस दिन को बचपन का जश्न मनाने के लिए चुना गया है। 1959 से पहले बाल दिवस अक्टूबर महीने में मनाया जाता था। संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा लिये गये निर्णय के हिसाब से यह सबसे पहले 1954 में मनाया गया। वास्तव में इस दिन को बच्चों के बीच जानकारी के आदान-प्रदान और आपसी समझदारी विकसित करने के साथ-साथ बच्चों के कल्याण से जुड़ी लाभार्थी योजनाओं के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

मिस्टर 360 डिग्री एबीडी ने क्रिकेट से संन्यास का किया ऐलान

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेट एबी डिविलियर्स ने क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है. एबी इंटरनेशनल क्रिकेट से पहले ही रिटायरमेंट ले चुके थे, लेकिन अब वह आईपीएल जैसी लीगों में भी हिस्सा नहीं लेंगे. डिविलियर्स आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा रहे हैं. एबी डिविलियर्स ने ट्वीट किया, यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, लेकिन मैंने सभी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है. मैंने अपने बैकयार्ड में बड़े भाइयों के साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया तब से ही मैंने पूरे आनंद और बेखौफ अंदाज के साथ इस खेल को खेला है. अब 37 साल की उम्र में वह लौ अब उतनी तेजी से नहीं जलती. क्रिकेट असाधारण रूप से मेरे प्रति दयालु रहा है. चाहे टाइटंस हो या प्रोटियाज हो या आरसीबी, इस खेल ने मुझे अकल्पनीय अनुभव और अवसर दिए हैं. इसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा. मैं टीममेट, प्रतिद्वंद्वियों, कोच, फिजियो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग में पंच-सरपंचों का मानदेय हुआ दुगुना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भी पंचायत चुनाव की तैयारियां चल रही है, इस बीच आज भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने पंचायत राज सम्मेलन का आयोजन किया, इस दौरान सीएम बघेल ने चुनावी कार्ड खोला। उन्होंने सरपंचों को लेकर एक बिग ऐलान किया। जिसमें सरपंचों का मानदेय 2 से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रतिमाह किया, वहीं अपने क्षेत्रों के विकास के लिए 50 लाख रुपए तक का काम करवा सकेंगे।

बता दें कि पंचायत राज सम्मेलन में त्रिस्तरीय पंचायती राज के पंच से लेकर सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष ने भाग लिया। सम्मेलन में नये छत्तीसगढ़ के निर्माण में पंचायतों और पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका पर मंथन किया जा रहा है।

कृषि कानूनों के बहाने केंद्र सरकार पर साधा निशाना: इस दौरान भूपेश बघेल ने कृषि कानूनों के बहाने केंद्र सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अभी पांच राज्यों के चुनाव है, लेकिन पेट्रोल और डीजल के दाम इनके सूपड़ा साफ होने के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ग्राम पंचायत में कर सकेंगे खर्च

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में सरपंचों का वेतन बढ़ाने का ऐलान किया है। सीएम ने कहा कि सरपंचों का मानदेय दो हजार से बढ़ाकर चार हजार किया जाएगा। जबकि उन्होंने कहा कि सरपंच अब अपनी ग्राम पंचायत में 50 लाख रुपए तक के काम करवा सकेंगे। ताकि ग्राम पंचायतों में बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि सरपंचों को ज्यादा से ज्यादा काम अपनी ग्राम पंचायत में करवाने चाहिए, क्योंकि इससे आम लोगों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

मदकुद्वीप से मोहन भागवत ने दिए धर्मांतरण के खिलाफ सख्त संदेश, सभी को जोड़कर चलें और दुर्बल को बनायें सबल

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली जिले के मदकू द्वीप में आरएसएस ने तीन दिवसीय घोष वर्ग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जिसमे संघ प्रमुख मोहन भागवत शामिल हुए। उन्होंने हरिहर आश्रम पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना के साथ शमी के पौधे भी लगाए। जिसके बाद मोहन भागवत संघ की घोष वर्ग के आयोजन में शामिल हुए।

इस दौरान संघ प्रमुख ने पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी को बदलने या खुद बदलने से नहीं बल्कि सभी को जोड़कर हमे आगे बढ़ना है इसी में सबकी भलाई है।

डॉ. मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वज दुनिया भर में गए, अनेक देशों को हमारे पूर्वजों ने सत्य दिया. हमारे सत्य में भगवान राम विराजते हैं। सत्य में राम हैं, राम ही सत्य है. हम सत्य को जानने वाले लोग हैं. हमें अपने आपको पहचाना होगा. भारत अनेकता में एकता सिखाता है. भारत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंगाल के बाद अब त्रिपुरा में हिंसक संग्राम

बीजेपी-टीएमसी कार्यकर्ताओं की झड़प में 19 घायल

अगरतला। त्रिपुरा के खोवई जिले के तेलियामुरा में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के बीच हुई झड़प में कम से कम 19 लोग घायल हो गए, जिसके बाद इलाके में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में निकाय चुनाव से कुछ दिन पहले हुई झड़प में घायल हुए लोगों में दो पुलिसकर्मी भी शामिल थे, जिसके बाद प्रशासन को तेलियामुरा नगर परिषद के वार्ड 13, 14 और 15 में निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी।

गुरुवार देर रात जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, आज जारी एक आदेश में, तेलियामुरा उप मंडल मजिस्ट्रेट मोहम्मद सज्जाद पी ने शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आज से तेलियामुरा नगर परिषद के 13, 14 और 15 वार्ड क्षेत्रों में धारा 144 लागू कर दी है। यह आदेश 24 नवंबर तक लागू रहेगा।''

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कानून-■ शेष पृष्ठ 6 पर

नायडू का ऐलान- जब तक सत्ता में नहीं आऊंगा, विस में प्रवेश नहीं करूंगा

नई दिल्ली। 15 नवंबर को आंध्रप्रदेश में हुए नगर निगम चुनावों में, वाईएसआरसीपी ने नवगठित नगर निकाय के 25 में से 19 वार्डों में जीत हासिल की. ऐसे में अपनी पार्टी की हार से निराश तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू भावुक हो गए. नायडू ने शुक्रवार को सत्ता में लौटने के बाद ही फिर से आंध्र प्रदेश विधानसभा में कदम रखने का संकल्प लिया. उन्होंने रुंधी हुई आवाज में सदन में कहा कि सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस के सदस्यों द्वारा उन पर लगातार किए जा रहे अपशब्दों से वह आहत हैं. नायडू काफी भावुक होते हुए बोले कि, पिछले ढाई साल से मैं अपमान सह रहा हूं लेकिन शांत रहा. आज उन्होंने मेरी पत्नी को भी निशाना बनाया है. मैं हमेशा सम्मान के साथ रहा, मैं इसे और नहीं सह सकता. हालांकि, सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने नायडू की टिप्पणी को नाटक कहा.

भारी बारिश के चलते ढहा मकान, 4 बच्चों समेत 9 लोगों की मौत

तमिलनाडू। तमिलनाडु में बारिश का कहर जारी है. प्रदेश के वेल्लोर जिले में भारी बारिश के बीच एक घर गिरने की खबर है. इस हादसे में चार बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हो गई. मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये के मुआवजा देने का ऐलान किया है. आपको बता दें कि तमिलनाडु में एक अक्टूबर से शुरू हुए मौजूदा उत्तर-पूर्व मानसून के दौरान अब तक सामान्य से 61 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है. वहीं, उत्तरी तमिलनाडु के जिलों समेत राज्य के कई भागों में बारिश जारी है.

चीन ने दक्षिण चीन सागर में उतारी अपनी मिलिशिया, 300 जहाज कर रहे पेट्रोलिंग

नई दिल्ली (ए.)। चीन की सीमा जिन देशों से लगती है, वह उनकी जमीन हड़पने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रहा है. लेकिन चीन की नजर जमीन के साथ-साथ पानी वाले रास्ते पर भी है. ऐसा कहा जा रहा है कि वह दक्षिण चीन सागर पर जल्द ही कब्जा कर सकता है. चीन ने यहां अपनी मिलिशिया उतार दी है. उसके करीब 300 जहाज इस इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे हैं. ये दावा यूएस सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज ने अपने नए अध्ययन में किया है. चीन इस विवादित क्षेत्र पर अपना दावा करता है. उसे सैन्य गतिविधि बढ़ाने के चलते कई देशों के साथ तनाव का सामना भी करना पड़ रहा है.

सीएसआईएस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चीन की मैरीटाइम मिलिशिया ने लगभग पूरे समुद्र पर अपने बढ़ते दावे के बीच 'पेट्रोलिंग' करना शुरू कर दिया है. चीन अकेला देश नहीं है।

क्यों जरूरी है ये रास्ता

दक्षिण चीन सागर एशिया में सबसे अहम समुद्री मार्ग माना जाता है. दुनिया की प्राकृतिक गैस व्यापार का 40 प्रतिशत इसी से होकर गुजरता है. इस रास्ते का इस्तेमाल हर साल लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर के व्यापार लिए होता है. अमेरिका भले ही यहां से दूर हो, लेकिन अमेरिकी व्यापार का करीब छह फीसदी हिस्सा दक्षिण चीन सागर से होकर गुजरता है. बेशक कई देश यहां दावा करते हैं।

कार्तिक स्नान... प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना, स्नान के बाद बोले- खारुन में बनेगा रिवर फ्रंट

सीएम भूपेश ने खारुन नदी में लगाई आस्था की डुबकी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर के खारून नदी के किनारे आयोजित पुन्नी मेले में अल सुबह ही पहुंचे। यहां उन्होंने नदी में डुबकी लगाकर पुन्नी स्नान किया। नदी में नहाते समय उनकी गतिविधि देखने लायक थी। मुख्यमंत्री ने पानी में गुलाटी मारे, उनका ये अंदाज देख हर कोई हैरान रह गया। बीते तीन सालों से इसी तरह मुख्यमंत्री यहां पहुंचते हैं। सीएम भूपेश बघेल स्नान के बाद खारुन तट पर गंगा आरती किए उसके बाद उन्होंने ऐतिहासिक हटकेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे। सीएम ने महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

कार्तिक पूर्णिमा पर सजावट : ऐसी भी मान्यता है कि छत्तीसगढ़ से सैकड़ों किलोमीटर दूर राजस्थान स्थित पुष्कर तीर्थ में कार्तिक मेला लगता था। कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान और पूजा में शामिल होने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचते थे। वहां तक जाने के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को कई दिन लग जाते थे। इसे देखते हुए राजा ब्रह्म देव ने खारुन नदी के किनारे हटकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करने का निर्णय लिया। मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि कार्तिक महीने में सूर्योदय से पहले स्नान करने का अपना महत्व है। हम यहां दीप दान करते हैं, भगवान महादेव की आराधना करते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गुजरात की तर्ज पर डेवलप किया जाएगा रिवर फ्रंट

पुण्य स्नान के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐलान किया कि खारुन तट पर गुजरात की तर्ज पर रिवर फ्रंट डेवलप किया जाएगा। यहां गार्डन, लैंड स्केपिंग, पाथ वे, लाइट्स, एंटरटेनमेंट जोन, फूड जोन और खूबसूरत कलाकृतियों से सजावट की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे शहर को नई पहचान मिलेगी ही हम खारुन नदी के संरक्षण की दिशा में भी काम कर पाएंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए जल्द ही एक रिपोर्ट तैयार कर काम शुरू किया जा सकता है।

आज गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना

रायपुर। आज छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि होने की भी संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर तमिलनाडु से उत्तर उड़ीसा तट तक स्थित है। इन दोनों तंत्र के कारण प्रदेश में काफी मात्रा में नमी आ रही है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि उत्तरी तटीय तमिलनाडु पर अवदाब पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में पिछले 6 घंटों के दौरान 12 किमी की गति से आगे बढ़ रहा है और 19 नवंबर को उत्तरी तमिलनाडु के तट ऊपर स्थित है। वेल्लोर के लगभग 60 किमी पूर्वी-दक्षिणपूर्व में स्थित है।

न्यूज गैलरी

तीन वार्डों के ड्रेनेज सिस्टम सुधार हेतु 97 लाख से नाला निर्माण प्रारम्भ, 5.6 करोड़ से दूर होगी शहर में जल भराव की समस्या: वोरा

दुर्ग (नव प्रदेश)। वार्ड क्रमांक 50 बोरसी से लेकर 49 विद्युत नगर एवं 53 अंतर्गत विवेकानंद नगर क्षेत्र के नागरिकों को अब बरसात में जलभराव की समस्या से निजात मिलने जा रही है। वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने 97 लाख की लागत से होने जा रहे विद्युत नगर नाले के सुदृढ़ीकरण का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ करवाया। लंबे समय से क्षेत्र के नागरिकों द्वारा नाले के मजबूतीकरण की मांग की जा रही थी जिसपर वोरा ने पहल करते हुए शासन से राशि की स्वीकृति दिलाई। उन्होंने कहा कि जिन जिन मांगों को आवश्यकता होने के बाद भी पूर्ववर्ती भाजपा शासन काल मे महत्व नहीं दिया गया था उन सभी कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जनभावनाओं के अनुरूप स्वीकृत कराया जा रहा है। 14 करोड़ के शंकर नाला निर्माण के साथ ही शहर के बाहरी वार्डों जिसमें उरला बघेरा, बोरसी, पोटिया, सिकोला भाठा जैसे क्षेत्र में मजबूत आरसीसी नालियों एवं छोटे नालों के निर्माण के लिए शासन से 5.6 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है। विद्युत नगर नाले के निर्माण से तीन वार्ड के हजारों नागरिकों की ड्रेनेज की समस्या का निराकरण हो जाएगा। जल्द ही पटरी पार क्षेत्र में भी 1.5 करोड़ से अधिक की बड़ी नालियों का निर्माण भी प्रारंभ करवाया जाएगा। इस अवसर पर एमआईसी दीपक साहू पार्षद भास्कर कुण्डले, ज्ञानदास बंजारे, कंचन शुक्ला, नंद चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, रवि मांडले एवं नगर निगम के कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी उपस्थित थे।

संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दुर्ग (नव प्रदेश)। संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालय ऑनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस किया गया। प्रतियोगिता का विषय ''इस सदन की राय में भारत के संसद एवं विधान मंडल के निर्वाचनों में महिला उम्मीदवारों हेतु स्थान आरक्षित कर महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है।'' प्रतियोगिता में भाग संभाग के 5 जिलों से कुल 15 प्रतिभागी शामिल हुए। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित प्रथम स्थान सुश्री मानसी यदु, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग, द्वितीय स्थान सुश्री प्रेरणा शर्मा, शासकीय वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग और तृतीय स्थान श्री एकलव्य कुमार शासकीय डॉ. बीएसबीए पीजी महाविद्यालय डोंगरगांव को प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री सघन सुपोषण अभियान से बच्चे हो रहे सुपोषित

राजनांदगांव। जिले में मुख्यमंत्री सघन सुपोषण अभियान के प्रभावी परिणाम मिल रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और स्वास्थ्य विभाग की टीम की सजगता, मेहनत से गंभीर कुपोषित बच्चे कुपोषण से दूर हो रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन किया गया। इसके बाद लगातार मॉनिटरिंग करके घर में जाकर बच्चों को खाना खिलाया जा रहा है। जिससे बच्चों के वजन में लगातार वृद्धि हो रही है। छुईखदान विकासखंड के ग्राम कोटरा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में बालक तुशाल एक वर्ष 3 माह का है। जो गंभीर कुपोषित श्रेणी से सुधार होकर मध्यम श्रेणी में आ गया। सघन सुपोषण अभियान प्रारंभ होने से पहले 1 सितम्बर 2021 को बालक का वजन 6.6 किलोग्राम था। जो गंभीर कुपोषित श्रेणी में आता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लगातार मॉनिटरिंग और पौष्टिक आहार देने के बाद 15 अक्टूबर को बालक का वजन 7.5 किलोग्राम हो गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता जंघेल ने बताया कि बालक का चिन्हांकन करने के बाद घर में जाकर खाना खिलाया गया, लेकिन वह नहीं खाता था। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती रेणु प्रकाश ने बालक को स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराने की सलाह दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा छुईखदान स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराई गई। इसके बाद बालक खाने में रूचि लेने लगा और वजन में वृद्धि हुई। जिससे बालक गंभीर कुपोषित श्रेणी से दूर हो गया। बालक की माता श्रीमती रोहणी ने बताया कि बालक को बिस्कुट को पानी में घोलकर पिलाते थे। जिससे बच्चे का वजन नहीं बढ़ रहा था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने सलाह दी कि बच्चे को 3-4 घंटे के अंतराल में खिलाते रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा लगातार मॉनिटरिंग कर पौष्टिक आहार दिया गया। इसके साथ ही लगातार स्वास्थ्य जांच कराई गई। जिससे बच्चे की स्थिति में सुधार आया।

कलेक्टर ने आपदा प्रभावितों के लिए 9 लाख 3 हजार 900 रूपए की सहायता राशि जारी की

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों के लिए सहायता अनुदान राशि 9 लाख 3 हजार 900 रूपए जारी किया है। डोंगरगढ़ तहसील को कुंआ में एक व्यक्ति के डूबने से मृत्यु होने पर 4 लाख रूपए, अतिवृष्टि एवं आंधी तुफान से 24 मकान आंशिक क्षति होने पर 76 हजार 800 रूपए, अतिवृष्टि एवं आंधी तुफान से पशुकोठा क्षति होने पर 1 हजार 500 रूपए की सहायता राशि जारी किया गया है। इसी तरह राजनांदगांव तहसील को अतिवृष्टि एवं आंधी तुफान से 8 मकान आंशिक क्षति होने पर 25 हजार 600 रूपए एवं आग से एक व्यक्ति की मृत्यु होने पर 4 लाख रूपए की सहायता राशि जारी किया गया है।

प्रशिक्षण मिलने के बाद महिलाओं ने खरीदी अगरबत्ती बनाने की मशीन

सुगंधित अगरबत्ती के अलावा मच्छर अगरबत्ती भी होगी उपलब्ध

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। जीवन ज्योति एवं सारणी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अगरबत्ती बनाने की मशीन खरीदी है। धार्मिक एवं अन्य कार्यों में अगरबत्ती की उपयोगिता एवं मांग को देखते हुए महिलाओं ने अब लघु उद्योग के रूप में इस व्यवसाय को अपनाकर आर्थिक समृद्धि की राह पर चल पड़ी है! इस मशीन का संचालन गौठान में महिलाएं करेंगी। इसके लिए बकायदा प्रशिक्षण इन्हें दिया जा रहा है। 1 लाख 10 हजार की लागत से महिलाओं ने मशीन खरीद लिया है। कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर सुलोचना धनकर ने बताया कि अगरबत्ती बनाने की मशीन आ चुकी है और महिलाओं को प्रशिक्षण भी मिल गया है। अगरबत्ती बनाने के लिए ट्रीमिक्स बंबू स्टिक, ऑयल एवं फ्लेवर का उपयोग किया जाता है। 1 घंटे में लगभग 500 अगरबत्ती तैयार की जा सकती है। अभ्यस्त होने के बाद यह संख्या और भी बढ़ सकती है! अगर 12 घंटे की बात करें तो 6000 अगरबत्ती तैयार हो सकती है। श्रीमती धनकर ने बताया कि अगरबत्ती की मशीन आने से तेज गति से इस पर काम होगा, इसे बनाने के लिए बहुत ज्यादा सामग्री की आवश्यकता भी नहीं है। एक प्रशिक्षित महिला भी इसे संचालित कर सकती है। उन्होंने आगे बताया कि नगर निगम से मिलने वाली आवर्ती निधि से दस-दस हजार की मदद जीवन ज्योति एवं सारणी स्व सहायता समूह की महिलाओं को मिला है। जिसकी वजह से आज अगरबत्ती की मशीन महिलाओं ने खरीदी है। इसमें सबसे अहम बात यह है कि महिलाओं को आवर्ती निधि मिलने के बाद उन्होंने पाई-पाई करके हर महीने 200 रुपए जमा करते हुए अपना बैंक बैलेंस खड़ा किया। लगभग 6 साल तक इसी तरह उन्होंने पैसा का जमाव किया। मूलधन को कभी उपयोग नहीं किया और ब्याज की राशि से ही जरूरी कार्यों के लिए पैसे का उपयोग किया। राशि का सदुपयोग करने के लिए महिलाओं ने अगरबत्ती मशीन खरीदने की सोची और महिलाओं की आपसी सहमति से मशीन की खरीदी हो चुकी है। महिलाओं का अब खुद का व्यवसाय होगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने गौठान में फाइव एक्टिविटीज के तहत कार्य करने के निर्देश नोडल अधिकारी सुनील अग्रहरि को दिए थे। नोडल अधिकारी के निर्देशन पर सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस ने महिलाओं से समन्वय बनाकर मशीन की खरीदारी करने सहयोग किया। सुगंधित अगरबत्ती के अलावा मच्छर अगरबत्ती भी होगी उपलब्ध अलग-अलग सुगंधित अगरबत्ती महिलाओं के द्वारा तैयार किया जाएगा।

हुडको पहुंचे सीएम

- विधायक ने हुडकों की रजिस्ट्री की समस्या को लेकर सौंपा अभ्यावेदन
- जल्दी मिलेगा मालिकाना हक- मुख्यमंत्री
- 3 करोड़ के मंगल भवन सहित मैदान के सौन्दरीकरन सहित करोड़ों के कार्यो का किया भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम भूपेश बघेल गुरूवार को भिलाई प्रवास पर रहे। हुडकों सीएम की सभा का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में भिलाईवासी और हुडकों वासी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने एक बड़ी और साराहनीय पहल की है। विधायक देवेंद्र यादव ने हुडको की रजिस्ट्री की समस्या को पूर्ण रूप से निराकरण करने केलिए सीएम भूपेश बघेल जी को एक अभ्यावेदन सौंपा है। सीएम शाम को हुडकों पहुंचे। जहां सीएम के साथ गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, परिवहन मंत्री मो. अकबर, नगरीय निकाय मंत्री शिवकुमार डहरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जहां क्षेत्रवासियों और कांग्रेसजनों ने मुख्यअतिथियों का भव्य स्वागत किया। श्रीराम के जयकारे के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बारी बारी से अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसके बाद सभी ने बारी बारी से अपना उद्बोधन दिया। इस अभ्यावेदन के माध्यम से भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने हुडकोंवासियों की ओर से सीएम भूपेश बघेल जी से मांग की है कि वे करीब 40 साल पुरानी हुडको की समस्या का पूर्ण निराकरण करें। क्षेत्र की जनता काफी परेशानी है। पुरानी सरकार के नेताओं ने इस विषय को ओर कभी ध्यान नहीं दिया। और मंत्री परिषद के माध्यम से यहां की रजिस्ट्री की समस्या को और पेचिदा कर दिया है। विधायक देवेंद्र यादव के इस प्रयास से हुडकों वासियों में काफी हर्ष का माहौल है।

फोटो प्रदर्शनी का बीएसपी के निदेशक प्रभारी ने किया उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आज दिनांक 18 नवम्बर, 2021 को इस्पात भवन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रदर्शनी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद श्री बिरसा मुंडा के योगदान को प्रदर्षित करते हुए आजादी की लड़ाई में उनकी भूमिका को दिखाया गया है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ के वीर सपूत श्री वीरनारायण सिंह के स्वतंत्रता संग्राम में दिये योगदान को भी इस प्रदर्शनी में विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है।

इस प्रदर्शनी में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के माइन्स सीएसआर के तहत आदीवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, आजीविका हेतु प्रशिक्षण और अधोसंरचना विकास के विभिन्न गतिविधियों को दर्षाया गया है। इस प्रदर्शनी में बस्तर के रावघाट परियोजना क्षेत्र, राजहरा खदान आदि में किये जा रहे विकास कार्यों को भी बखूबी प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही इस जनजातीय क्षेत्र को देश के अन्य भागों से जोड़ते हुए बिछायी गई रेललाइन से किस प्रकार आदीवासियों के जीवन में समृद्धि आयी है इसका भी प्रदर्षन किया गया है। इसके साथ ही आदिवासी कला-संस्कृति के उन्नयन में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के समग्र योगदान को भी प्रदर्शित किया गया है। इस महत्वपूर्ण प्रदर्शनी का उद्घाटन भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक , श्री मानस बिस्वास, कार्यपालक निदेषक श्री राकेश, कार्यपालक निदेशक श्री एस के दुबे तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) डॉ ए के पंडा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने केनाल रोड का किया लोकार्पण

दुर्ग (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज भिलाई नगर पालिका निगम अंतर्गत खुर्सीपार कैनाल रोड का लोकार्पण किया। कोहका मेन माइनर से नंदनी रोड तक मिलाने वाली तीन किलोमीटर लंबी इस कैनाल रोड को 28 करोड़ 86 लाख 84 हजार की लागत से तैयार किया गया है। इस कैनाल रोड में सड़क के डिवाइडर में चंपा के खूबसूरत फूल लगाए गए हैं। इसके अलावा अधोसंरचना संबंधी अनेक मद एवं चौदहवें वित्त की राशि से महत्वपूर्ण कार्य कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त कैनाल रोड के किनारे एक खूबसूरत गार्डन का भी निर्माण किया गया है। इस कैनाल रोड़ के बन जाने से भिलाई नगर पालिका निगम के 13 वार्ड के लोगों को आवागमन में प्रत्यक्ष रूप से राहत मिलेगी। इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन और भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव, भिलाई नगर पालिका निगम के जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

चेम्बर द्वारा विनियोजन निगम के साथ निवेश शिखर सम्मेलन का हुआ आयोजन

भिलाई उद्योग चेम्बर के सदस्य भी आयोजन में हुए शामिल

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लि.के अधिकारियों के साथ निवेश शिखर सम्मेलन का आयोजन रायपुर में किया गया। जिसमें कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खण्डेलवाल सहित राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लि. के सी.एल. गांधीवाल, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, घिलोट (सहारनपुर), उत्कर्ष अरोरा, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कोटा (राजस्थान), राकेश कुमार शर्मा, उप प्रबंधक (वित्त) चार्टर्ड एकाउंटेन्ट (नीमराना) प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दुस्तान के हर राज्य की विशेषता होती है जिसमें राजस्थान भी एक राज्य है। इंटर एक्सचेंज ट्रेड के अंतर्गत कौन सा राज्य कितनी ज्यादा सुविधायें , लैंड, फायनेंस, पैकेजिंग, लाजिस्टिक की आवश्यकता होगी। वहां पर टैक्स की दर क्या है, किसी एक उत्पाद पर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दरें हैं। हमारे व्यापारियों को जहां पर सभी प्रकार की सुविधायें मिलेगी वहां पर जाकर वे व्यापार कर सकते हैं। श्री गांधीवाल ने औद्योगिक निवेश के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार राजस्थान में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने हेतु 24-25 जनवरी 2022 को जयपुर में निवेश शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत देश और विदेश के उद्योगपतियों द्वारा शिरकत की जायेगी और विभिन्न राज्यों एवं विदेशों में शिखर सम्मेलनों के दौरान प्राप्त एम.ओ.यू. एवं एलओआईस के बारे में राज्य सरकार स्तर पर सकारात्मक कार्यवाही की जायेगी।

हनुमानजी की आराधना कर सीएम ने भिलाई और प्रदेशवासियों के सुख शांति समृद्धि की कामना की

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भिलाई प्रवास पर रहे इस दौरान सबसे पहले भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, परिवहन मंत्री मो. अकबर, नगरीय निकाय मंत्री शिवकुमार डहरिया, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सेक्टर 9 स्थित हनुमान जी के मंदिर पहुंचे। जहां सभी ने हनुमान जी की पूजा अर्चना की। पुष्प अर्पित किए और हाथ जोड़ कर श्री संकटमोचन से प्रार्थना करते हुए प्रदेश वासी और भिलाई वासियों के संकट को दूर करने और सभी के सुख शांति समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल ने घोषणा करते हुए कहा कि हनुमानजी की मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा साथ ही मंदिर परिसर और सेक्टर 9 स्थित मानव परिसर के समीप तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। 3 करोड़ की लागत से इस सौदरीकरण कराने की घोषणा की गई। आज सीएम भूपेश बघेल ने घोषणा की है सीएम भूपेश बघेल क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र यादव की तारीफ करते हुए कहा कि भिलाई क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र यादव क्षेत्र की जनता की भावनाओं को समझते हुए और लोगों की समस्याओं को दूर करने मूलभूत सुविधाओं से लेकर अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं श्री यादव का भिलाई के विकास में बड़ा योगदान है। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगा इस वर्ष भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव भिलाई वासियों की ओर से सीएम भूपेश बघेल का दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि माननीय भूपेश बघेल जी के कर कमलों से आज भिलाई में तेजी से विकास हो रहा है।

आई लव भिलाई में रूके सीएम, सुंदरता देख खुद को सेल्फी लेने से नहीं रोक सके

भिलाई (नव प्रदेश)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आज भिलाई प्रवास पर रहे। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल शाम को सेक्टर 5 शहीद स्मारक पार्क जा रहे थे। तभी सेक्टर 5 स्थिति आईलवभिलाई को देख कर सीएम रूके। उनके साथ पूरा काफिला वहीं रूक गया। सीएम भूपेश बघेल आईलव भिलाई को देख कर इतने गदगद हुए कि उन्होंने खुद आईलव भिलाई के पास खड़े होकर सेल्फी ली। अन्य मंत्रियों ने भी यहां आईलव भिलाई के साथ फोटो खिंचवाया फिर सीएम सेक्टर 5 के लिए आगे बढ़े जहां सीएम ने म्यूजिकल फाउंटेन का लोकार्पण किया है।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि शहीद पार्क में म्यूजिकल फाउंटेन के लगने से यहां की शोभा बढ़ गई है। यह सिर्फ भिलाई वासियों के लिए ही नहीं बल्की पूरे प्रदेश के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव भी मुख्यरूप से उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव शहीद भगत सिंह को अपने प्रेरणाश्रोत मानते हैं। वे उनके भक्त है। उन्ही के अथक प्रयासों से शहीद पार्क का निर्माण कराया गया और यहां देश की सबसे बड़ी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई। जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ही की थी। लेकिन उस समय यहां म्यूजिक फाउंटेन नहीं लगा था।

वितरण | जिनके पास पट्टा का रुपए नहीं उनका विधायक ने किया सहयोग

बेघरों का सहारा बना आश्रय, मिला पट्टा, खिल उठे चेहरे

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। खुर्सीपार के वार्ड 35 के रहवासियों के लिए ये दिन ऐतहासिक रहा, बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में बर्षो बाद पट्टा पाकर रहवासी खुसी से झूम उठे और मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त किया

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को पता चला कि खुर्सीपार क्षेत्र के 4 परिवार ऐसे हैं जो अति गरीब है जिनके पास पट्टा का राशि देने की भी स्थिति नहीं है ऐसे में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने इन गरीब लोगों का पट्टा की राशि स्वयं अपने जेब से दिए।

जोन 4 खुर्सी पार के निवासी जनार्दन दीप पिता मधु,दुकल्हा पिता धरम राम, राजू नाथ पिता त्रिनाथ राग,मोती लाल पिता भूखउ इन चारों का पट्टा का सरकारी डर से जो राशि दिया जाना है वह राशि स्वयं भिलाई नगर विधायक ने दिया है। गौरतलब है कि आज पट्टा वितरण सीएम भूपेश बघेल के हाथों किया जाएगा पट्टा वितरण जिन लोगों को करना है उन लोगों को सरकारी दर के हिसाब से प्रति वर्ग फीट ?10 की राशि के हिसाब से कुल वर्ग फीट की राशि नगर निगम में जमा करना रहता है लेकिन खुर्सीपार क्षेत्र के 4 परिवार ऐसे थे जिनके पास यह राशि देने की भी स्थिति नहीं थी इस बात की जानकारी जो भिलाई नगर विधायक को हुई तो भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने एक बार फिर अपनी दरियादिली दिखाई और इन चारों परिवार की राशि स्वयं अपने जेब से दीए ताकि इन लोगों को भी सरकार इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके और यह गरीब परिवार खुद के मकान का मालिकाना हक प्राप्त कर सकें। इसके बाद से इन परिवारों में बहुत ही खुशी और हर्ष का माहौल है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202111101000049/202111101000047
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- श्रीमती एम. प्रीती
अनावेदक पक्षकार - रजनीकांत शर्मा

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती एम. प्रीती/पति/पिता/विभाग- एम. सुशीला कुमार पता- कृपाल नगर कोहका भिलाई द्वारा ग्राम - कोहका प.ह.न 19 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं 56/102 रकबा 0.005 हे. 810 वर्गफीट, भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता- रजनीकांत शर्मा पिता बागेश्वर नाथ शर्मा पता- रिसाली भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 27.11.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.11.2021 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 1600089//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका प्रदीप कुमार चटर्जी पिता/पति बंशीधर चटर्जी निवासी चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम चरोदा प.ह.नं. 57 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 354/12 का भाग रकबा 0.074 हे. मे. से. 0.015 हे. भूमि को विक्रेता प्रदीप जैन पिता/पति कस्तुरचंद जैन निवासी भिलाई-3 से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 1600090//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका नीतु पिता/पति रंजन प्रकाश निवासी चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम चरोदा प.ह.नं. 57 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 354/6 का भाग रकबा 0.011 हे. भूमि को विक्रेता रोहित जैन पिता/पति प्रदीप जैन निवासी भिलाई-3 से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202111100900005/202111100900005
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

अमलेश्वर प.ह.न. 00005 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- दिपेश साहू
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दिपेश साहू पति रामकुमार साहू निवासी चंगोराभाठा रायपुर तह. व जिला रायपुर द्वारा ग्राम- अमलेश्वर प.ह.नं. 05 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज क्रयशुदा भूमि खसरा नं. 1004/9 रकबा 0.01 हे. का नहीं बनने से नया ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है। अतः आप निम्न बिन्दुओं पर अभिलेख स्थल व अपने संज्ञान के अनुसार प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। 1. क्या आवेदक के नाम पर उक्त भूमि स्थित है। यदि हां तो भूमि का स्वामित्व (भूमिस्वामी या पट्टेदार) पर प्राप्त हुई है बतावें। 2. क्या आपने संज्ञान में आवेदक के द्वारा उक्त भूमि को विक्रय कर दिया गया और भूमि का नामांतरण क्रेता के द्वारा नहीं किया गया है? 3. क्या आवेदक के द्वारा भूमि पर प्लाटिंग कर विक्रय किया गया है यदि हां तो क्या शेष बची भूमि रास्ते या ओपन स्पेस की है। 5. क्या आवेदित भूमि अभिलेखों में बंधक दर्ज है। 6. क्या आवेदित भूमि के विरूद्ध सक्षम अधिकारी द्वारा कोई कुर्की या निलामी की कार्यवाही की गई है या की जा रही है। 7. क्या आवेदित भूमि के विरूद्ध कोई वसूली लंबित है। 8. क्या आवेदित भूमि के संबंध में किसी न्यायालय में कोई वाद लंबित जिसमें आपके द्वारा कोई प्रतिवेदन पेश किया गया है। 9. क्या आवदेक को आवेदित भूमि को पूर्व में ऋणपुस्तिका जारी किया गया है। संलग्न आवेदन मय दस्तावेज

यह ज्ञापन मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/11/21 को जारी किया गया है।

तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

वनवासियों को सीएम भूपेश की बड़ी सौगात

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 52 लघु वनोपजों की खरीदी कर रही राज्य सरकार

■ सत्रह लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य में वृद्धि से ही संग्राहकों को हर वर्ष हो रही 502 करोड़ रूपए की अतिरिक्त आय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के वनवासियों को बड़ी सौगात दी गई है। राज्य सरकार द्वारा अब तक सत्रह लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है।जिसके फ्लस्वरूप वनवासियों को प्रतिवर्ष लगभग 502 करोड़ रूपए की अतिरिक्त आय हो रही है। इसका लाभ प्रदेश के 13 लाख से अधिक गरीब एवं आदिवासी लघु वनोपज संग्राहकों को मिल रहा है।

वनवासियों को बड़ी सौगात

इसके साथ ही राज्य सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाने वाली लघु वनोपजों की संख्या को 07 से बढ़ाकर 52 का दी है। साथ ही 17 मुख्य प्रजातियों के लघु वनोपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई है। वर्ष 2018 तक प्रदेश में जहां केवल 7 लघु वनोपज की ही समर्थन मूल्य पर खरीदी होती थी। राज्य सरकार के इन निर्णयों से वनांचल के वनवासियों में खुशियां ही खुशियां बिखेर गई है।

समर्थन मूल्य पर खरीदी होती थी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वनमंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में आदिवासी-वनवासी लघु वनोपज संग्राहकों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाओं का कुशल संचालन किया जा रहा है। इसके तहत वनवासियों को लघु वनोपजों के संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण तथा विपणन आदि के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए हर आवश्यक पहल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा अपने वादों को पूरा करते हुए प्रथम वर्ष में ही 52 लघु वनोपज प्रजातियों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय करना प्रारंभ कर दिया गया। साथ ही साथ इन लघु वनोपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई है। इनमें 17 मुख्य प्रजातियों के लघु वनोपजों में मूल्य वृद्धि से वनवासियों को हर वर्ष 501 करोड़ 70 लाख रूपए की अतिरिक्त आमदनी भी हो रही है।

राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें से वर्ष 2018 में तेन्दूपत्ता का संग्रहण दर 2500 रूपए प्रति मानक बोरा था, उसे बढ़ाकर 4000 हजार रूपए प्रति मानक बोरा कर दिया गया। इससे पहले वर्ष 2019 में ही 13 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 225 करोड़ रूपए की अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हुई। इसी तरह महुआ फूल का वर्ष 2018 में 17 रूपए प्रति किलोग्राम के दर को बढ़ाकर 30 रूपए किया गया। इससे वनवासियों को 104 करोड़ रूपए की अतिरिक्त आमदनी हुई। वर्ष 2018 में अन्य लघु वनोपजों इमली (बीज सहित) प्रति किलोग्राम 25 रूपए से बढ़ाकर 36 रूपए करने पर 55 करोड़ रूपए, महुआ बीज को प्रति किलोग्राम 22 रूपए से बढ़ाकर 29 रूपए करने पर 35 करोड़ रूपए और चिरौंजी गुठली प्रतिकिलो ग्राम 93 रूपए से बढ़ाकर 120 रूपए करने पर 27 करोड़ रूपए की अतिरिक्त आमदनी वनवासियों को मिल रही है।

इसके अलावा वर्ष 2018 में रंगीनी लाख प्रति किलोग्राम दर 130 रूपए से बढ़कर 220 होने पर 22 करोड़ 50 लाख रूपए, कुसमी लाख 200 रूपए से बढ़कर 300 रूपए होने पर 20 करोड़ रूपए, फूलझाड़ू 30 रूपए से बढ़कर 50 रूपए होने पर 3 करोड़ रूपए तथा गिलोय 21 रूपए से बढ़कर 40 रूपए होने पर 2 करोड़ 85 लाख रूपए की अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। चरोटा बीज प्रति किलोग्राम 14 रूपए से बढ़कर 16 रूपए होने पर 1 करोड़ 60 लाख रूपए, धवई फूल 32 रूपए से बढ़कर 37 रूपए होने पर 1 करोड़ 50 लाख रूपए, बायबिडिंग 81 रूपए से बढ़कर 94 रूपए होने पर 1 करोड़ 30 लाख रूपए तथा शहद 195 रूपए से बढ़कर 225 रूपए होने पर 1 करोड़ 20 रूपए की अतिरिक्त आमदनी वनवासियों को हो रही है।

जगमगाया तेलंगाना की सीमा से लगा बीजापुर का पामेड़

■ मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजना: बीजापुर जिले के 105 गांव हुए रौशन

■ अंदरूनी इलाकों के 4630 निर्धन परिवारों को नि:शुल्क घरेलू बिजली कनेक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। तेलंगाना की सीमा से लगा पामेड़ इलाका 15 सालों बाद फिर से जगमगा उठा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर यहां नई विद्युत लाईन पहुंचाई गई है। इससे इस ईलाके में जन-जीवन फिर दमक उठा है। शाम ढलते ही अब घर में दुबक जाने वाले ग्रामीण की अब गांव के गलियों और चौहारों में रात तक चहल-पहल बनी रहती है। पामेड़ ईलाके में बिजली पहुंचने यहां के लोगों के मन का भय और जीवन का अंधेरा दूर हो गया। घरों में बच्चें बल्ब की रोशनी में अब देर रात तक पढ़ाई करते दिखते हैं। किसान बिजली मिलने से अब पम्प के जरिए अपने खेतों की प्यास बुझाने और बेहतर खेती करने लगे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार बीजापुर जिले में मुख्यमंत्री मजरा-टोला ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत 111 गांवों में बिजली पहुंचाने का काम तेजी से किया जा रहा है। 105 गांवों के मजरा-पारा-टोलों तक बिजली पहुंचाने का काम पूरा कर लिया गया, जिसमें पड़ोसी राज्य तेलंगाना की सीमी पर स्थित पामेड़ का ईलाका भी शामिल है। पामेड़ का यह ईलाका 15 सालों बाद फिर से रोशनी से जगमग हुआ है, जिसकी चमक ग्रामीणों के चेहरे पे साफदिखायी देती है।

मुख्यमंत्री बघेल की पहल पर बीजापुर जिले में बीते तीन सालों में 98 किलोमीटर 11 केव्ही लाईन, 243 किलोमीटर एलटी लाईन विस्तार सहित 25 केव्ही क्षमता के 103 ट्रांसफार्मर लगाए गए है।

■ न्यूज गैलरी

छग चेम्बर आफ कामर्स ने किया निवेश शिखर सम्मेलन का आयोजन

राजस्थान राज्य औद्योगिक व कैट की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा, जयपुर समिट के लिए आमंत्रण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर स्थित बाम्बे मार्केट में छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लि.के अधिकारियों के साथ निवेश शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लि. के सी.एल. गांधीवाल, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, घिलोट (सहारनपुर), उत्कर्ष अरोरा, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कोटा (राजस्थान), राकेश कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(वित्त) चार्टर्ड एकाउंटेन्ट (नीमराना) प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

वहीं रायपुर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल भी शिरकत की। निवेश शिखर सम्मेलन में कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दुस्तान के हर राज्य की विशेषता होती है। राजस्थान भी एक राज्य है। इंटर एक्सचेंज टेड के अंतर्गत कौन सा राज्य कितनी ज्यादा सुविधायें, लैंड, फायनेंस, पैकेजिंग, लाजिस्टिक की आवश्यकता होगी। वहां पर टैक्स की दर क्या है, किसी एक उत्पाद पर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दरें हैं। हमारे व्यापारियों को जहां पर सभी प्रकार की सुविधायें मिलेगी, उस जगहों पर जाकर वे व्यापार कर सकते हैं, इस पर विस्तार चर्चा किया।

जनवरी में जयपुर में होगा इन्वेस्टमेंट समिट

औद्योगिक निवेश की जानकारी देते हुए राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोग निगम लिमिटेड के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक गांधीवाल ने कहा कि अगले वर्ष 24-25 जनवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार राजस्थान में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दिया जायेगा। जिसके लिए जयपुर में इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जा रहा है।

रीको ने विकसित की हैं 362 से अधिक औद्योगिक इकाइयां

इसमें देश-विदेश के उद्योगपतियों का आवागमन रहेगा। विभिन्न राज्यों और विदेशों में शिखर सम्मेलन के दौरान प्राप्त एमओयू और एलओआईएस के संबंध में राज्य सरकार के स्तर पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। गांधीवाल ने कहा कि राजस्थान की भौगोलिक स्थिति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के कारण रीको ने अब तक 362 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जा चुके हैं। इन क्षेत्रों में रीको द्वारा उच्च गुणवत्ता वाला बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराई है।

बेहतर नेतृत्व के लिए मिला सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय पुरस्कार

राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (रीको) को वर्ष 2021 में देश के सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक विकास निगम के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि रीको को यह पुरस्कार राज्य में निवेश आकर्षित करने, उद्योगों को सर्वोत्तम बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने, ई-नीलामी के माध्यम से भूमि आवंटन और कार्यालयों में पारदर्शी प्रक्रिया के लिए दिया गया है। कोविड काल कुशल नेतृत्व और सुनियोजित प्रयासों और सुनियोजित प्रयास से डीएमआईसी, फिनटेक पार्क, बल्क डिर्क पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र, ग्लास और सिरेमिक क्षेत्र एमएसएमई क्षेत्र और औद्योगिक इकाइयों में गतिविधियों जैसी नई परियोजनाओं को बढ़ावा मिला है। यह पुरस्कार उसके लिए दिया गया है।

68 औद्योगिक पार्कों में से अकेले 25 राजस्थान के

गांधीवाल ने यह भी बताया कि राजस्थान ने औद्योगिक विकास के मामले में अपना धमक दिखाया है। केन्द्र की ओर से विभिन्न मानकों पर चुने गए 68 उन्नत औद्योगिक पार्कों में से 25 औद्योगिक पार्क केवल राजस्थान के हैं। अंत में उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी उद्योग संघों और उद्योगपतियों को जयपुर में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय निवेशक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उत्कर्ष अरोरा, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने राजस्थान के औद्योगिक लोकेशन, एक्सीलेंट कनेक्टिविटी, रिसोर्स एडवांटेज, सिंगल विंडो सिस्टम, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रीयल कारिडोर, स्कीम फॉर फायनेंस आदि की विस्तृत रूप से जानकारी दी।

अंतरराज्यीय व्यापार पर हो फोकस करें : अश्विन गर्ग

उद्योग चेम्बर के अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने कहा कि छत्तीसगढ़ को कोर सेक्टर इंडस्ट्रीज (Investment Summit) के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पहले अंतरराज्यीय व्यापार पर ध्यान देना चाहिए, फिर धीरे-धीरे औद्योगिक निवेश की ओर बढ़ना चाहिए। गर्ग ने कहा कि राजस्थान में उद्योगों के लिए जमीन की नीलामी ई-नीलामी के जरिए की जाती है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कितनी सब्सिडी है, इसका तुलनात्मक आंकलन करना उचित होगा।

प्लास्टिक उद्योग के लिए मिले 100 एकड़ जमीन

छत्तीसगढ़ प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एंड सेलर्स एसोसिएशन के संतोष ने कहा कि राजस्थान में प्लास्टिक उद्योग के लिए करीब 100 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड का गठन किया गया है। राज्य के अधिकारियों द्वारा अनुरोध किया गया, जिसे अधिकारियों ने स्वीकार कर लिया।

सवाल-जवाब के दौरान मौजूद उद्योगपतियों ने औद्योगिक निवेश को लेकर अपने सुझाव दिए और अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ चैंबर द्वारा राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड के अधिकारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लि. के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ चैंबर के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक चेम्बर मंत्री शंकर बजाज थे, संचालन एवं आभार प्रदर्शन चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने किया।

छग में ढाई करोड़ से अधिक टीके लगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोरोना से बचाव के लिए अब तक (18 नवम्बर तक) ढाई करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं। कोरोनारोधी टीके की पहली और दूसरी, दोनों खुराकों को मिलाकर प्रदेश भर में कुल दो करोड़ 52 लाख 50 हजार 302 टीके लगाए गए हैं। प्रदेश के एक करोड़ 67 लाख 50 हजार 713 लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए पहला टीका लगाया जा चुका है, जबकि 85 लाख नागरिकों को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं।

प्रदेश में 45 वर्ष से अधिक के 92 प्रतिशत और 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 77 प्रतिशत नागरिक पहला टीका लगवा चुके हैं। इन दोनों आयु वर्गों में पहला टीका लगवा चुके क्रमशः 65 प्रतिशत और 39 प्रतिशत लोगों को दूसरा टीका भी लगाया जा चुका है।

राज्य में 45 वर्ष से अधिक के 41 लाख 39 हजार 664 और 18 से 44 आयु वर्ग के 38 लाख 17 हजार 199 लोग कोरोना से बचाव के लिए दोनों टीके लगवा चुके हैं।

'इंदु' से 'इंदिरा' तक का सफरनामा

■ जनसंपर्क विभाग की ओर से फोटो प्रदर्शनी

■ नयी पीढ़ी में इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को जानने दिखा रुझान

रायपुर/नवप्रदेश। पिता पंडित जवाहरलाल नेहरु के लिए इंदु से लेकर देश के लिए आयरनलेडी इंदिरा गांधी तक का सफर तय करने वाली देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा रायपुर के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से श्रीमती इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को दिखाने का प्रयास किया गया। फोटो प्रदर्शनी के दौरान लगातार हर उम्र के लोग प्रदर्शनी को देखने पहुंचते रहे, लेकिन श्रीमती इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को जानने के लिए नयी पीढ़ी का रुझान खासतौर से देखने को मिला।

प्रदर्शनी में पहुंचे रमेश यादव, मन्नू शर्मा, अभिषेक सिंह ने कहा कि, उन्होंने कई बार स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी के बारे में सुना और पढ़ा है लेकिन प्रदर्शनी में पहुंचकर उन्हें कई नयी जानकारियां मिली हैं। इन युवाओं ने कहा कि उन्हें अब जाकर पता चल रहा है कि देश की पहली महिला प्रधानमंत्री ने देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए थे।

अंतरिक्ष कार्यक्रम, बैंकों के राष्ट्रीयकरण की दिशा में नवप्रयोग में महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं प्रदर्शनी देखने पहुंचे अरविंद कुमार साहू ने भी कहा कि स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में नयी जानकारियां उन्हें यहां मिली हैं।

दूसरी ओर रायपुर निवासी आकाश शर्मा अपनी नन्ही बिटिया को लेकर फोटो प्रदर्शनी में पहुंचे थे और बिटिया को श्रीमती इंदिरा गांधी जी के बारे में बता रहे थे। इस फोटो प्रदर्शनी में पहुंचने वाले लोगों ने कहा कि समय-समय पर इस तरह की प्रदर्शनी लगती रहनी चाहिए, जिससे कुछ नया जानने-सीखने को मिले। युवाओं ने देश के लिए योगदान देने वाले अन्य महापुरुषों से जुड़ी प्रदर्शनी आयोजित करने की उम्मीद जताई, जिससे युवाओं को महापुरुषों के योगदानों के संबंध में रोचक जानकारी मिल सके।

सीओपीडी की जांच के लिए एम्स में मेगा हैल्थ कैंप आज

फेफड़ों की नि:शुल्क कंप्यूटराइज्ड जांच

रायपुर/नवप्रदेश। क्रॉनिक ऑब्स्ट्रेक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के रोगियों की जांच के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पल्मोनरी विभाग की ओर से शनिवार को मेगा हैल्थ कैंप आयोजित किया जा रहा है। इसमें फेफड़ों के विभिन्न रोगों की पहचान के लिए नि:शुल्क कंप्यूटराइज्ड जांच भी की जाएगी।

वर्ल्ड सीओपीडी डे के अवसर पर आयोजित हो रहे इस कैंप का उद्घाटन निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर करेंगे। प्रो. अजॉय कुमार बेहरा ने बताया कि सीओपीडी भी अस्थमा के समान लक्षणों वाला अत्याधिक गंभीर रोग है। इसमें धूम्रपान से, वातावरण के प्रदूषण से, खतरनाक रासायनिक तत्वों के बीच काम करने वाले श्रमिक को और अधिक उम्र के रोगियों को सांस संबंधी बीमारियां हो जाती हैं। यदि समय पर इसकी जांच और उपचार शुरू न हो तो यह गंभीर बीमारी बन सकती है।

गुरुनानक देव जी ने देश-दुनिया को दिया मानवता की सेवा का संदेश : सीएम बघेल

■ बघेल ने गुरु ग्रंथ साहब के सामने मत्था टेककर की प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना

सिक्ख समाज की सेवा भावना गुरुनानक देव के प्रति उनकी अटूट आस्था का प्रतीक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित खालसा स्कूल में गुरुनानक जयंती के अवसर पर आयोजित प्रकाश पर्व में शामिल हुए । उन्होंने प्रदेशवासियों को गुरू नानक जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने गुरु ग्रंथ साहब के सामने मत्था टेका और प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गुरूनानक देव जी का प्राकट्य उत्सव देश दुनिया में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा की गुरुनानक देव जी ने मानवता की सेवा का संदेश दिया, उन्होंने सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया। कोरोना संकटकाल में सिक्ख समाज द्वारा मानवता की सेवा के किए गए उत्कृष्ट कार्यो का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिक्ख समाज ने छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह समाज के लोगों की गुरु के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुनानक देव देश के ऐसे बिरले सन्तों में शामिल हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा यात्राएं की। उन्होंने मक्का-मदीना से लेकर देश के विभिन्न स्थानों सहित छत्तीसगढ़ के फुलझर तक कि यात्रा की।

सीएम बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय में देश की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि इंदिरा जी ने अपने कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता, पक्के इरादों और तीक्ष्ण बुद्धिकौशल से भारत को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया। उन्होंने आजीवन गरीबों और समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान के लिए प्रयास किया और देश की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। श्रीमती इंदिरा गांधी जी का जन्मदिन कौमी एकता के रूप में मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कई उपलब्धियां प्राप्त की। जिनमें बांग्लादेश का उदय, भारत का परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनना प्रमुख उपलब्धियां रही। उनके हरित क्रांति कार्यक्रम की सफलता ने देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि इंदिरा जी देश की पहली और अब तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा जी के काम और उनके विचार मूल्य हम सबको देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, विधायक डॉ के के ध्रुव, महापौर श्री एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री महेन्द्र छाबड़ा और छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

गुरुनानक जयंती | गुरूनानक देव जी ने विश्वशांति और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी: सुश्री उइके

राज्यपाल सुश्री उइके प्रकाश पर्व समारोह में शामिल हुई

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके गुरू नानक देव की जयंती के अवसर पर राजधानी के खालसा स्कूल में गुरूद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा द्वारा आयोजित प्रकाश पर्व के समारोह में शामिल हुई। उन्होंने गुरूग्रंथ साहेब के समक्ष मत्था टेका और छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने सिक्ख समाज के समस्त श्रद्धालुओं को गुरूनानक जयंती की शुभकामना दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री गुरूनानक देव जी ने विश्वशांति और मानव कल्याण के लिए प्रेम सदभाव और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और अपने उपदेशों से ज्ञान का प्रकाश फैलाया। साथ ही समाज को विभिन्न कुरीतियों से मुक्त

करने का प्रयास करते हुए नेकी और सदाचार की सीख दी। राज्यपाल ने सिक्ख समाज द्वारा किए गए सेवा कार्य की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि गुरूनानक देव जी ने कहा है कि परमात्मा कण-कण में और हर जगह मौजूद है। उन्होंने ईश्वर का सदा नाम जपने और जो कुछ भी मिले उसे मिल बांटकर खाने का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरूनानक देव जी के उपदेशों के साथ अध्यात्म की शिक्षा मिलती है, इसी का प्रभाव है कि सिक्ख समाज दुनिया में अपनी सफलता के कारण जाने जाते है। गुरूनानक जी के अनुयायी ''नाम जपो, किरत करो और वंड छको'' के उपदेश पर अमल करते हैं। इसी कारण सिक्ख समाज हमेशा अपने सेवा भाव के कारण जाना जाता है। जब हम गुरूद्वारे जाते हैं तो देखते हैं कि हमारे सिक्ख भाई सेवा कार्य में जुट जाते हैं। इसमें सभी वर्ग के लोग शामिल होते हैं।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लॉकडाउन के समय जब बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिक और नागरिक अन्य प्रदेशों से लौट रहे थे तो हमारे सिक्ख समाज के बंधुओं ने राजधानी तथा प्रदेश के अन्य स्थानों में स्वयं आगे आकर उनके रहने, खाने और वापस घर लौटने का इंतजाम करा सेवा की। साथ ही देश के अन्य हिस्सों में गुरूद्वारों तथा अन्य माध्यम से जरूरतमंदों के लिए भोजन तथा ऑक्सीजन सिलेंडर भी मुहैया कराया।

ऐसे सेवा कार्य करने वाले व्यक्ति एवं संस्थाओं को समाज सम्मान की दृष्टि से देखता है और विशेष स्थान देता है। इस अवसर पर राज्यपाल का शॉल पहनाकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री महेन्द्र छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने सिक्ख काउसिंल रायपुर के स्टॉल में पहुंचकर मास्क वितरण किया

राज्यपाल ने इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिक्ख काउसिंल रायपुर के स्टॉल पर पहुंची जहां मास्क का लंगर लगाया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्वयं मास्क का वितरण किया। राज्यपाल ने कहा कि यह अनूठी पहल है। कोरोना काल में छत्तीसगढ़ सिक्ख काउसिंल द्वारा बगैर उपयोग किए गए पगड़ियों के मास्क बनाकर वितरण किया गया, यह सराहनीय कार्य है।

संपादकीय

तीन कृषि कानूनों की वापसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों नए कृषि कानूनों की वापसी की घोषणा कर के देश से क्षमा मांगी है। उन्होने भरे मन से अपने संबोधन में कहा कि हमने यह कानून देश के 80 प्रतिशत छोटे किसानों के हित को ध्यान में रखकर बनाया था लेकिन कुछ किसानों को हम समझा नहीं पाए। ऐसा लगता है कि हमारी तपस्या में ही कोई कमी रह गई थी इसलिए केन्द्र सरकार अब इन तीनों नए कृषि कानूनों को वापस लेने जा रही है। संसद के आगामी सत्र में इन कानूनों के वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। प्रधानमंत्री की इन घोषणा का संयुक्त किसान मोर्चा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने स्वागत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भरोसा दिलाया है कि उनकी सरकार किसानों के हित में काम करती रहेगी और एमएसपी को और प्रभावी बनाएगी। उनकी इस घोषणा से साफ है कि वे किसानों की नाराजगी और ज्यादा मोल नहीं लेना चाहते। गौरतलब है कि पिछले एक साल से किसान संगठन इस कानून का विरोध कर रहे है और दिल्ली बार्डर पर डेरा डाले बैठे है। हालांकि अब किसानों का आंदोलन कमजोर पड़ने लगा था, इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अचानक यह घोषणा कर के सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। उत्तर प्रदेश और पंजाब सहित जन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है वहां विपक्ष ने इन कृषि कानूनों को प्रमुख मुद्दा बनाकर भाजपा को घेरने की तैयार कर रखी थी। अब उनके हाथों से यह मुद्दा छीन गया। वहीं किसान नेता राकेश टिकैत भी अब बेरोजगार हो गए। पिछले एक साल से किसान आंदोलन के नाम पर सुर्खियां बंटोरने वाले राकेश टिकैत को पीएम मोदी ने जोर का झटका धीरे से दे दिया। उन्होने आंदोलनरत् किसान संगठनों के नेताओं से बातचीत किए बगैर अप्रत्याशित रूप से इन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर के उन्हे हैरत में डाल दिया। इसकी हताशा राकेश टिकैत के चहते पर साफ झलक रही है, यही वजह है कि उसने संसद में यह कानून वापस न होने तक किसान आंदोलन जारी रखने की बात कही है। बहरहाल केन्द्र सरकार ने राष्ट्रहित में देर से ही सही दुरूस्त फैसला किया है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए।

विचार

टाटा के सामने दो एयरलाइनों का घाटा साधने की चुनौती

नरविजय यादव

एयर इंडिया खरीदने और एयर एशिया को जल्द ही पूरी तरह से खरीदने के निर्णय के साथ भारत के हवाई यात्रा बिजनेस में टाटा संस का दबदबा बढ़ने जा रहा है। लेकिन, कंपनी के सामने दोनों एयरलाइनों के घाटे को साधने की बड़ी चुनौती भी है। एयर इंडिया की वापसी के बाद, टाटा समूह के पास एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा और एयर एशिया को मिलाकर कुल चार विमान सेवाएं हो गयी हैं। नागरिक उड्?डयन विशेषज्ञों का मानना है कि टाटा को अपनी चारों एयरलाइनें एक ही छतरी के नीचे लाने के बजाय दो अलग-अलग समूहों में विभाजित कर देनी चाहिए। पहले समूह में एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस रहे, जबकि दूसरे समूह में एयर एशिया और विस्तारा। दोनों कंपनियों के दो अलग-अलग सीईओ होने चाहिए, ताकि वे आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस बीच खबर है कि टाटा समूह जल्द ही एयर एशिया इंडिया का संपूर्ण स्वामित्व प्राप्त करने जा रहा है। एयर एशिया फिलहाल टाटा समूह और एयर एशिया बेरहाद का एक संयुक्त उद्यम है। टाटा ने एयर एशिया की बची हुई 16.33 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का निर्णय लिया है। टाटा के पास फिलहाल इस संयुक्त उद्यम में 83.67 प्रतिशत हिस्सेदारी है। करीब 140 करोड़ रुपये का भुगतान करने के बाद एयर एशिया पूरी तरह से टाटा की हो जायेगी। हालांकि, एयर एशिया पिछले कुछ वर्षों से घाटे में चल रही है। बीच में सुनने में आया था कि एयर इंडिया का नाम बदलने पर विचार हो रहा है। यदि नाम न बदला जाये तो बेहतर होगा। भले ही एयर इंडिया भारी कर्ज से लदी एक घाटे वाली एयरलाइन बन गयी और बाजार में इसकी एक नकारात्मक छवि बन गयी, फिर भी दुनिया इस नाम से भलीभांति परिचित है। कई दशकों तक भारत की इस सिरमौर एयरलाइन को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइन होने का गौरव हासिल रहा, जिसे बाद में सिंगापुर एयरलाइन ने तोड़ दिया। यह दूसरी बात है कि सिंगापुर एयरलाइन के स्टाफ को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने में एयर इंडिया का भी हाथ रहा है। पिछली सरकार के दौरान, एयर इंडिया लालफीताशाही और वीआईपी कल्चर की शिकार हो गयी। हालत इतनी बिगड़ी कि कुछ समय पहले तक हर दिन सरकारी खजाने से इसे 20 हजार करोड़ रुपये दिये जाते थे। यानी आम जनता के पैसे से चल रही थी महाराजा की सवारी। टाटा समूह के लिए यह एयरलाइन या तो एक बड़ी चुनौती साबित होगी या फिर एक बड़ी उपलब्धि। सौदे के साथ टाटा को सवा सौ से अधिक हवाई जहाज मिले हैं, देश और दुनिया भर में हवाई अड्?डों पर बहुमूल्य स्लॉट मिले हैं। आसमानी सक्रियताः कोरोना का भय कम होने के साथ ही देश में विमान यात्रियों की संख्या में सुधार हुआ है। अक्टूबर माह में घरेलू विमान यात्राओं की बुकिंग में वार्षिक आधार पर 25.88 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, अक्टूबर 2020 में 4.93 करोड़ बुकिंग हुई थीं, जो अक्टूबर 2021 में बढ़कर 6.21 करोड़ हो गयीं। मासिक आधार पर सितंबर की तुलना में अक्टूबर माह में घरेलू हवाई यात्रा बुकिंग में 70.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अक्टूबर में बुकिंग रद्द कराने की दर लगभग 0.82 प्रतिशत रही।

चिंता का सबब, प्रदूषण वाला लॉकडाउन

डॉ. श्रीनाथ सहाय

दिल्ली वालों को प्रदूषण, महामारी, डेंगू की तिहरी मार झेलनी पड़ रही है और दिल्ली सरकार ने बच्चों के स्कूल-कॉलेज खोल दिए हैं! सरकार इतनी संवेदनहीन कैसे हो सकती है? प्रदूषण का खौफनाक रूप दीपावली के बाद छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में भी दिखाई दिया। सफेद झाग प्रदूषण और रासायनिक कचरे का ही नतीजा थे, जबकि यमुना की सफाई पर करीब 3000 करोड़ रुपए फूंके जा चुके हैं। वह पैसा भी आम करदाता का ही था। डॉक्टर बार-बार आगाह कर रहे हैं कि हवा की गुणवत्ता इतनी खराब होती जा रही है कि डॉक्टर भी घुटन महसूस कर रहे हैं। आम आदमी विभिन्न बीमारियों का शिकार होगा, तो उसकी परिणति क्या होगी? दोषारोपण सिर्फ केजरीवाल सरकार पर ही नहीं है। वह तो विकलांग सरकार है। निर्णय और आपदा प्रबंधन, अंततः, उपराज्यपाल के अधीन हैं, जो केंद्र सरकार का ही हिस्सा हैं, लिहाजा व्यापक संदर्भों में केंद्र सरकार भी उतनी ही जिम्मेदार है। राजनीतिक नेतृत्व और सम्पन्न वर्ग के घर और कार्यालय में हवा को साफकरने वाले उपकरण लगे हैं।

दीपावली के 15 दिन बीत जाने के बाद भी राजधानी दिल्लीवासी जानलेवा और जहरीले वायु प्रदूषण का दंश झेलने का विवश हैं। दिल्ली और एनसीआर में सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। सांस के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है। लोग घरों के अंदर भी मास्क लगाने को मजबूर है। धुंध की चादर ने दिल्ली को हर समय एक धुंध की चादर ने ढंक रखा है। कोरोना संक्रमण लॉकडाउन के बाद लगातार जलाई जा रही पराली के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की आबो-हवा एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। यह हर साल की बात है जब दिल्ली समेत उत्तर भारत में सर्दियो का सीजन शुरू होते ही वायु प्रदूषण से हालात चिंताजनक हो जाते हैं।

जानलेवा प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने लॉकडाउन लगा दिया है। लॉकडाउन के दौरान सरकारी दफ्तरों, स्कूलों, कॉलेज, शैक्षिक संस्थानों को बंद करने का फैसला लिया है। सरकारी कर्मचारी और अफसर (आपात सेवाओं को छोड़ कर) घर से ही काम करेंगे। बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन ही होगी। सभी निर्माण-कार्य, ईंट भट्ठे, डीजल जेनसेट और भट्टियां, गार्ड्स को हीटर जलाने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि परिवहन, बाजार, मॉल्स, अस्पताल आदि यथावत रहेंगे। राजधानी की सड़कों पर लाखों वाहन हररोज चलते हैं। क्या उनसे प्रदूषण का जहर नहीं फैलता रहेगा? पराली जलाने से 30-40 फीसदी प्रदूषण होता है। उस पर सर्वोच्च न्यायालय का सुझाव है कि केंद्र सरकार पंजाब, हरियाणा, दिल्ली की सरकारों के साथ बैठक कर कोई नीति तय करे, लेकिन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एन.वी.रमण ने यह सवाल किया है कि कमोबेश दिल्ली में दो दिन का पूर्ण लॉकडाउन क्यों नहीं लगाया जा सकता? मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इस पर गंभीरता से विचार करने की बात कही है। यदि पराली के अलावा वाहनों, उद्योगों, खुली धूल आदि से उपजे प्रदूषण की जानलेवा हवाओं को नियंत्रित करना है, तो लॉकडाउन ही फिलहाल एक विकल्प लगता है।

दीपावली के बाद दो सप्ताह से ज्यादा का समय गुजर चुका हैं, लेकिन राजधानी के ज्यादातर हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से ऊपर है। कुछ हिस्सों और नोएडा, गुरुग्राम आदि एनसीआर के इलाकों में एक्यूआई 500 से अधिक रहा है। यह गंभीर ही नहीं, आपात स्थिति है। दिल्ली-एनसीआर की हवा बीते शनिवार को दुनिया में सबसे खराब आंकी गई। आकलन किए जा रहे हैं कि फिलहाल 25 दिनों तक पूरी तरह राहत के आसार नहीं हैं। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि घर में भी मास्क पहनना पड़ रहा है।

इन हालातों के बीच वायु प्रदूषण की भयावह तस्वीर पेश करती हुई एक रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वायु प्रदूषण की वजह से एक साल में तकरीबन 1,16,000 लाख से ज्यादा नवजात शिशुओं की मौत हुई है। इसका साफअर्थ है कि वायु प्रदूषण नवजातों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। बता दें कि यह दावा स्टेट ऑफग्लोबल एयर 2020 नाम की एक वैश्विक रिपोर्ट मे किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 1,16,000 लाख में से करीब आधे से ज्यादा बच्चों की मौत बाहरी च्ड 2.5 प्रदूषक तत्वो से संबंधित है। इनमे खाना पकाने का ईंधन, लकड़ी का कोयला, गोबर जैसे ईंधन खासतौर पर शामिल हैं। इनसे उत्पन्न हुए वायु प्रदूषण ने ही नवजातों की जिंदगी को लील लिया। वहीं वायु प्रदूषण की वजह से मौत की नींद सोने वाले बच्चों में ये भी पाया गया कि या तो जन्म के बाद उनका वजन काफी कम था या फिर उनका जन्म प्रीमैच्योर हुआ था।

भारत में 2019 में ही बाहरी और घरेलू वायु प्रदूषण के लंबे समय के प्रभाव की वजह से स्ट्रोक, दिल का दौरा, डायबिटीज, फेफड़े के कैंसर, पुरानी फेफड़ों की बीमारियों और नवजात रोगों से 16.7 लाख यानी 1.67 मिलियन मौतें हुई हैं। नवजात शिशुओं में ज्यादातर मौतें जन्म के समय कम वजन और समय से पहले जन्म से संबंधित जटिलताओं से हुई है। वहीं रिपोर्ट की माने तो वायु प्रदूषण अब दूसरों के बीच भी मौतों का सबसे बड़ा खतरा हैं. बता दें कि इस रिपोर्ट को बुधवार को हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट ने प्रकाशित किया है। यह एक स्वतंत्र, गैर-लाभकारी अनुसंधान संस्थान हैं. इसे अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और अन्य वित्त पोषित करती हैं। गौरतलब है कि यह रिपोर्ट कोरोना महामारी के समय में आई है। दरअसल कोरोना भी दिल और फेफड़ों को प्रभावित करने वाली बीमारी है। इस कराण बड़ी संख्या में भारत में लोगों की जान भी गई है।

भारत में 2019 में ही बाहरी और घरेलू वायु प्रदूषण के लंबे समय के प्रभाव की वजह से स्ट्रोक, दिल का दौरा, डायबिटीज, फेफड़े के कैंसर, पुरानी फेफड़ों की बीमारियों और नवजात रोगों से 16.7 लाख यानी 1.67 मिलियन मौतें हुई हैं। नवजात शिशुओं में ज्यादातर मौतें जन्म के समय कम वजन और समय से पहले जन्म से संबंधित जटिलताओं से हुई है। वहीं रिपोर्ट की माने तो वायु प्रदूषण अब दूसरों के बीच भी मौतों का सबसे बड़ा खतरा हैं. बता दें कि इस रिपोर्ट को बुधवार को हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट ने प्रकाशित किया है। यह एक स्वतंत्र, गैर-लाभकारी अनुसंधान संस्थान हैं. इसे अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और अन्य वित्त पोषित करती हैं।

गौरतलब है कि यह रिपोर्ट कोरोना महामारी के समय में आई है। दरअसल कोरोना भी दिल और फेफड़ों को प्रभावित करने वाली बीमारी है। इस कराण बड़ी संख्या में भारत में लोगों की जान भी गई है। भारत में कोरोना की वजह से अब तक 1 लाख 15 हजार से ज्यादा लोग मौते के आगोश में समा चुके हैं। वहीं रिपोर्ट की माने तो कोरोना से मरने वाले ज्यादातर लोग पहले से ही फेफड़ों या हृदय संबंधी किसी न किसी बीमीरी से पीड़ित थे और इसकी वजह कहीं न कहीं वायु प्रदूषण भी थी। इस रिपोर्ट के बाद अब वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों और कोरोना में गहरा संबंध बताया जा रहा है।

प्रदूषण पर एक बार फिर सर्वोच्च अदालत बेहद सख्त हुई है। हर साल सर्दियां शुरू होते ही दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने लगता है और सांस घुटने लगती है। यह सिलसिला जारी रहा है। अदालत ने 'गैस चैंबर' वाली टिप्पणियां भी की हैं, लेकिन कोई स्थायी समाधान सरकारें नहीं दे पाई हैं। सुप्रीम अदालत ने अब यह भी जानना चाहा है कि पराली के लिए जिन मशीनों को खरीदा गया था, वे किसानों को मुफ्त में ही मुहैया क्यों नहीं कराई गईं? गरीब, कर्जदार किसान ऐसी महंगी मशीनें कैसे खरीद सकते हैं? राजधानी में जो स्मॉग टॉवर स्थापित किए गए थे, वे प्रदूषण पर लगाम क्यों नहीं लगा सके? किसान और पराली के बहाने बनाना एक फैशन बन गया है। पराली के अलावा 70 फीसदी प्रदूषण के बुनियादी कारक क्या हैं? क्या सरकारों ने उन्हें नियंत्रित करने का कोई कार्यक्रम बनाया है?

विदेशों में भी मनाया जाता है बाल दिवस

योगेश कुमार गोयल

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वी के कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें।

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 191 देशों में मनाया जातता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वी के कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फबच्चों को ही समर्पित हो। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में, 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्की, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरा रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्तूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्तूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्तूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्तूबर को ईरान, 12 अक्तूबर को ब्राजील, अक्तूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्तूबर के चौथा रविवार को आस्ट्रेलिया, नवम्बर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवम्बर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है। अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके और बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुमको अपना फिर

तुमको अपना फिर बना लूँ क्या, फासले दरमियाँ मिटा लूँ क्या मचलूँ बाँहों में आकर फिर, ख्वाबों में तुझे बुला लूँ क्या सजा के नजरों में मैखाना, होंठों से मय पिला लूँ क्या फिज़ायें फिर से बहकी हैं, चाँद छत पर बुला लूं क्या महकी शब रात रानी सी, बदन संदल बना लूँ क्या मचलते अरमान मौजों से, पहलू सागर सुला लूँ क्या।

- किरण मिश्रा

तोड़कर दिल को

तोड़कर दिल को पूछते क्यूँ हैं अश्क ये आँखों में भरे क्यूँ हैं जब बिछड़ना ही था तुम्हें हमसे एक दूजे से हम मिले क्यूं हैं इक ही हैं जब कि मंजिलें सबकी फिर अलग सबके रास्ते क्यूं है? हर किसी का नसीब अच्छा है मुस्किलें मेरे वास्ते क्यूं हैं राह तकती तुम्हारी है मंजिल हार कर हौंसले खड़े क्यूं है? टूट जाते जरा सी चोटों से ए खुदा दिल ये काँच के क्यूँ है? **- लक्ष्मी माहोर**

खास पाती

हाँ !मैं सूक्ष्म हूँ तुच्छ हूँ

हाँ !मैं सूक्ष्म हूँ तुच्छ हूँ नाजुक हूँ घर के एक कोने में पड़ी हूँ। संसार में मेरा होना कोई मायने नहीं रखता। किन्तु ,हाँ मैं दर्पण हूँ जब तुम थके -हारे गर्द भरे दाग-धब्बे लिए अलसाये उनींदे चेहरे के साथ मुझमें झांकते हो तो जैसे हो वैसे ही दीखते हो। इसमें मेरा क्या दोष? अपने बदरंग चेहरे का उपचार न कर। मुझे तोड़ने की कोशिश करते हो। दर्पण बदलने की कोशिश करते हो। किन्तु,उपचार नहीं करते क्यों करते हो अपने धब्बों पे गुरुर? और फेकतें हो मुझपे पत्थर। हाँ! फिर भी टूट कर भी मैं दर्पण ही रही। बयां करती हूँ आज भी तेरे बदरंग चेहरे का रंग! **- जया राजेश भारद्वाज**

निक़म्मे लोग जीवन भर महज़

निक़म्मे लोग जीवन भर महज़ मुद्दे बनाते हैं। जो अपनी धुन के पक्के हैं, नये रस्ते बनाते हैं। बड़ी ख़ामोशियों के साथ मंज़िल पर पहुँचते हैं, कि जिनकी क़ामयाबी के सभी किस्से बनाते हैं। कहा सुनसान आंगन देखकर घर के बुज़ुर्गों ने, सही अर्थों में घर को घर सदा बच्चे बनाते हैं। विवाहित दो? दफ़ा होकर, बसा पाए नहीं जो ?घर, सुना है वो घरों के आजकल नक़्शे बनाते हैं। ख़ुदा उनको हमेशा इसलिए गड्ढे में रखता है, वो अक्सर दूसरों की राह में गड्ढे बनाते हैं।

- कवि अंकित चहल 'विशेष'

है कैसा इज्तिराब आंखों में

है कैसा इज्तिराब आंखों में आब है या शराब आँखों? में। पढ़ रहा हर कुई तुझे ऐसे मानो कोई किताब आंखों में। मेरे आँसू नहीं ये मतलब ए दिल मेरे बिखरे से ख्वाब आँखों में। इत्र से तर ये जिस्म ओ रूह तेरे उफ़!है कितने गुलाब आँखों में।

- वंदना मोदी गोयल

कछुए को ना सागर के राजा शार्क

कछुए को ना सागर के राजा शार्क खाना पसंद करते है ना नदी का रावण मगरमच्छ और ना जंगल के राजा शेर। और वजह है इसका खोल जीवन में कुछ बंधन नियम और मर्यादाऐं आपको धीमा जरूर करते है। पर आप उनकी छांव में सुरक्षित शांत और शायद लंबा जीवन जी सकते है। कुछ बंधन हमे सुरक्षित रूप से मुक्त करते है। आप इस दृष्टिकोण को कब समझते है। ये आप पर निर्भर है।

- कुलदीप वर्मा

इक नया चांद आसमां पे

इक नया चाँद आसमाँ पे उभर आया है, जब से दिल पे पड़ा मेरे सनम का साया है, देखके आँखों में गहरी वो कस्तूरी चितवन, किताबे इश्क का हर हर्फ़ उभर आया है !

- कुलदीप मिश्रा

दुःख के अतिरेक में किसी

दुःख के अतिरेक में किसी क्षण, मैंने उसे जी भर कोसा, मन भर बद्दुआएं दीं, उसमें से एक बद्दुआ, अपने जैसा दुःख, महसूसने की थी, अगले ही क्षण, मैंने प्रार्थना की, मेरी कही हुई, कोई भी बात, सच न हो, प्रभु।

- वर्षा वर्षिता श्रीवास्तव

ज्ञान अधूरा उपदेशक का सत्या

ज्ञान अधूरा उपदेशक का सत्या नाश कराता है, राजा हो या रंक सभी में पप्पू नाम धराता है, रहता आश्रित उपजीवी पर समझ नहीं कुछ पाता है, रहा अखंडित भारत जिससे अलग-अलग बतलाता है।

- अजय मिश्रा अभिज्ञ

QUIZ TIME

1) किस जलप्रपात को छत्तीसगढ़ की गंगा कहा जाता हैं?
2) हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के किस जिले में पर्वतारोहण अकादमी खोलने की घोषणा की है?
3) देश का दूसरा सबसे बड़ा फ्रूट पार्क छत्तीसगढ़ के किस जिले में बनाया जा रहा है?
4) रायपुर में रेलवे वैगन रिपेयर वर्कशॉप की स्थापना कब हुई थी?
5) 5 जून, 2021 को विमोचित पुस्तक 'बटरफ्लाई ट्रेजर ऑफछत्तीसगढ़' की लेखिका कौन हैं?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अलकनंदा जलप्रपात (2) बस्तर (3) बस्तर (4) 1966 (5) संजीवा गुप्ता

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1815- यूरोप में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूस, प्रशिया, ऑस्ट्रिया और इंग्लैंड ने गठबंधन किया। 1829- रूस के निकोलायेव और सेवेस्तोपोल क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया। 1866- अमेरिका के वांशिगटन में हावर्ड विश्वविद्यालय की स्थापना. 1910- रूस के प्रसिद्ध लेखक लियोन टॉलेस्ट्वाय का निधन हुआ। 1917- कलकत्ता (अब कोलकाता) में बोस अनुसंधान संस्थान की स्थापना। 1945- जापान का अमेरिका के समक्ष पूर्ण आत्मसमर्पण एवं द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति। 1949- इजरायल में यहूदियों की संख्या दस लाख हुई। 1968- अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1975-39 वर्षों तक स्पेन पर शासन करने वाले तानाशाह जनरल फ्रैंसिस?को फ्रैंको की मौत हो गई थी. 1981- भास्कर उपग्रह को छोड़ा गया था। 1984- प्रसिद्ध शायर फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ का निधन हुआ। 1985- माइक्रोसाफ्ट विंडोज 1.0 जारी हुआ। 1989- फ्रीस्टाइल पहलवान बबीता फोगाट का जन्म हुआ। 1998- अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जारया का पहला माड्यूल जारी। 2009- बहुमुखी प्रतिभाशाली, अनेक विषयों के विद्वान, विचारक एवं कवि श्याम बहादुर वर्मा का निधन हुआ। 2014- कवियित्री निर्मला ठाकुर का निधन हुआ। 2015- अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमाको में बंधक बनाकर कम से कम 19 लोगों की हत्या की गई. 2016- पी वी सिंधु ने चाइना ओपन सुपर सीरीज के फाइनल में चीन की सुन यू को तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर पहला सुपर सीरीज खिताब अपने नाम किया।

70 वर्ष की हुई जीनत अमान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री जीनत अमान आज 70 वर्ष की हो गयी। जीनत अमान का जन्म 19 नवंबर 1951 को हुआ। उनके पिता अमानउल्लाह ने मुगले आजम और पाकीजा जैसी सुपरहिट फिल्मों में बतौर लेखक काम किया था।महज 13 वर्ष की उम्र में जीनत के सिर से पिता का साया उठ गया। उनकी मां इसके बाद उन्हें जर्मनी लेकर चली गयीं। लगभग पांच वर्ष तक जर्मनी में रहने के बाद जीनत मुंबई आ गयी।

मुंबई आने के बाद जीनत ने सेंट जेवियर कॉलेज से स्नातक की शिक्षा पूरी की और आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका के मशहूर कैलीफोर्निया विश्विद्यालय में चली गयी। जीनत ने अपने करियर की शुरुआत मशहूर पत्रिका फेमिना से बतौर पत्रकार के रूप में की लेकिन जल्द ही उनका मन इससे उचट गया और वह मॉडलिंग के क्षेत्र में उतर गयीं।इसके बाद जीनत अमान ने मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें वह दूसरी उप विजेता रही और बाद में उन्हें मिस इंडिया पैसिफिक प्रतियोगिता का खिताब जीता। जीनत अमान ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1971 में ओ.पी. रल्हन की फिल्म हलचल से की।

वर्ष 1971 में ही जीनत अमान को एक बार फिर से ओ.पी. रल्हन के साथ फिल्म हंगामा में काम करने का मौका मिला।

46 वर्ष की हुई सुष्मिता सेन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री और पूर्व मिस यूनीवर्स सुष्मिता सेन आज 46 वर्ष की हो गयी है। सुष्मिता सेन का जन्म आंध्रप्रदेश के हैदराबाद में 19 नवंबर 1975 को हुआ। सुष्मिता के पिता सुबीर सेन एयर फोर्स में विंग कमांडर थे, जबकि मां शुभरा सेन ज्वैलरी व्यवसाय से ताल्लुक रखती थी।सुष्मिता सेन ने वर्ष1994 में मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें वह प्रथम चुनी गयी। वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन मिस यूनिवर्स चुनी गयी।

सुष्मिता सेन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म दस्तक से की लेकिन यह फिल्म कोई खास कमाल नही दिखा सकी।इसके बाद सुष्मिता सेन को वर्ष 1997 में सन्नी देओल के अपोजिट जोर में काम करने का अवसर मिला लेकिन यह फिल्म भी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी।

वर्ष 1999 सुष्मिता सेन के करियर के लिये अहम वर्ष साबित हुया ।इस वर्ष उनकी बीबी नंबर वन और सिर्फतुम जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी।बीबी नंबर वन के लिये सुष्मिता सेन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये सम्मानित किया गया वहीं सिर्फतुम के लिये इसी श्रेणी में नामांकित किया

ऑनस्क्रीन रणबीर कपूर की पत्नी बनेंगी परिणीति चोपड़ा!

मुंबई। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल का फैन्स लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच अब ये पता लग गया है कि फैन्स को कितना और इंतजार करना पड़ेगा। रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल और परिणीति चोपड़ा स्टारर एनिमल की रिलीज डेट सामने आ गई है। दरअसल संदीप रेड्डी वांगा की बहुप्रतीक्षित निर्देशित फिल्म, एनिमल 11 अगस्त 2023 को दुनिया भर में रिलीज होगी। रणबीर कपूर के अलावा इस फिल्म में मुख्य भूमिका में अनिल कपूर, बॉबी देओल और परिणीति चोपड़ा नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक परिणीति इस फिल्म में रणबीर कपूर की पत्नी का किरदार निभा रहीं हैं, जबकि अनिल कपूर, रणबीर के पिता के रोल में हैं। याद दिला दें कि काफी वक्त पहले फिल्म का एक अनाउंसमेंट वीडियो रिलीज किया गया था। इस टीजर में रणबीर कपूर की आवाज सुनाई दे रही थी, जो कहते हैं कि पापा अगले जन्म में आप मेरा बेटा बनना, फिर देखना कि मैं आपको कैसे प्यार करता हूं।

प्रदीप पाण्डेय चिंटू और काजल राघवानी की फिल्म 'ससुरा बड़ा सताबेला' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के चॉकलेटी हीरो प्रदीप पाण्डेय चिंटू और काजल राघवानी की आने वाली फिल्म 'ससुरा बड़ा सताबेला' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

भोजपुरी फिल्मों के सुप्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक राजकुमार.आर.पाण्डेय की नई भोजपुरी फ़िल्म 'ससुरा बड़ा सताबेला' में प्रदीप पाण्डेय चिंटू और काजल राघवानी की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'ससुरा बड़ा सताबेला' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।फ़िल्म का ट्रेलर एंटर 10 रंगीला के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

गौरतलब है कि साईदीप फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म ससुरा बड़ा सताबेला के लेखक संतोष मिश्रा है ,जबकि संगीतकार राजकुमार आर पाण्डेय खुद ही है। फ़िल्म में प्रदीप पाण्डेय चिंटू,काजल राघवानी,प्रकाश जैस, मनोज टाईगर ,संजय पाण्डेय एवं अन्य की अहम भूमिका है। फ़िल्म में स्पेशल अपीयेरेंस में अंजना सिंह नजर आयेंगी।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नेगेटिव किरदार निभायेगी जया बच्चन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जया बच्चन आने वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नेगेटिव किरदार निभाती नजर आयेगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर इन दिनों फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी बना रहे हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म में जया बच्चन की भी अहम भूमिका है। बताया जा रहा है कि जया बच्चन इस फिल्म में नेगेटिव किरदार में नजर आयेगी। इस रोल को निभाने के लिए करण जौहर को उन्हें काफी मनाना पड़ा था, जिसके बाद वह इसे करने के लिए मान गईं।

जया बच्चन इससे पूर्व करण जौहर की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' और 'कल हो ना हो' में काम कर चुकीं हैं। फिल्म में जया बच्चन के अलावा शबाना आजमी की भी अहम भूमिका होगी।इस फिल्म में दोनों के रोल को दमदार बनाने के लिए दोनों के लुक और आउटफिट्स तक पर खासा ध्यान दिया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

देशवासियों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है कृषि कानूनों को वापस लेने का निर्णय : पीएचडी

नई दिल्ली (वार्ता)। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने तीन कृषि कानून को वापस लिये जाने के निर्णय की सराहना करते हुए आज कहा कि यह देशवासियों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और समर्पण को दर्शाता है। पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष प्रदीप मुल्तानी ने शुक्रवार को कहा कि गुरुपर्व के इस शुभ दिन पर तीन कृषि कानून को वापस लिये जाने का निर्णय देशवासियों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और समर्पण को दर्शाता है। कृषि मुद्दों को हल करने के लिए एक समिति बनाने का निर्णय किसानों की वास्तविक समस्याओं की पहचान करने और सरकार को किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि नीति बनाने में मदद करेगा।

नहीं हुआ शेयर बाजार में कारोबार

मुंबई (वार्ता)। गुरू नानक जयंती के उपलक्ष्य में अवकाश के कारण आज शेयर बाजार में कारोबार नहीं हुआ। गुरू नानक जयंती के उपलक्ष्य में अवकाश रहने से बीएसई एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में शुक्रवार को कारोबार बंद रहा। अब बाजार में अगले सप्ताह सोमवार से कारोबार होगा।

अभी कुछ वर्षों तक कप्तानी छोड़ने के मूड में बिल्कुल नहीं हूं :फिंच

मेलबोर्न (वार्ता)। अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार टी 20 का विश्व चैंपियन बनाने वाले आरोन फिंच ने घोषणा की है कि वह घरेलू पिचों पर टी 20 विश्व कप ख़िताब की रक्षा का नेतृत्व करना चाहते हैं और 2023 के 50 ओवर विश्व कप में भी टीम की कमान संभालना चाहते हैं। फिंच ने हाल ही में टी 20 विश्व कप में अपने देश का नेतृत्व करने के लिए घुटने की सर्ज़री के बाद वापसी की थी। कप्तान ने खुलासा किया कि वह पूरे टूर्नामेंट में अपने घुटने की चिकित्सा कराने के बाद पूरे विश्व कप के दौरान मैदान में संघर्ष कर रहे थे और बिग बैश लीग में 7 दिसंबर को मेलबोर्न रेनेगेड्स के पहले गेम में उनके टीम शामिल होने को लेकर अभी भी संदेह बना हुआ है। फिंच ने कहा, ÷मुझे शायद अभी अपना घुटना ठीक करने के लिए थोड़ा अतिरिक्त समय चाहिए।

कानूनों को वापस लेना अच्छाई पर बुराई की जीत : सरदाना

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री विजय सरदाना ने आज कहा कि सरकार के तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा 'अच्छाई पर बुराई की जीत है।' कृषि सुधारों और तीन कृषि कानूनों के कट्टर समर्थक श्री सरदाना ने शुक्रवार को कहा, ÷तीन कृषि कानून उत्कृष्ट थे लेकिन कुछ स्वार्थी लोगों ने ऐसा राजनीतिक माहौल बनाया कि सरकार दबाव में आ गई। इन कानूनों को निरस्त करने से किसानों को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। उन्होंने कुछ नहीं पाया लेकिन बहुत कुछ खो दिया है।

उन्होंने यह पूछे जाने पर कि क्या नए कृषि कानूनों के कंटेंट पिछले कानून जैसा होगा पर कहा कि यह तार्किक बात होगी। आप कानून में और क्या लिखेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने और उन्हें बिचौलियों और एजेंटों के चंगुल से छुड़ाने के लिए कानून लाए गए हैं। लेकिन, किसानों के एक वर्ग ने हिंसा और आक्रामकता का सहारा लिया और अधिकांश कृषकों के हितों के खिलाफकाम किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल संसद द्वारा तीन कृषि कानूनों को पारित किया गया था, जिसका विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने कड़ा विरोध किया था। किसानों ने दावा किया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था को धीरे-धीरे समाप्त करने के लिए ये कानून लाए गए हैं। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि तीन कानून कृषि क्षेत्र का निगमीकरण करेंगे और छोटे किसान अंततः बटाईदार बन जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की और आंदोलनरत किसानों से अपने घरों को लौटने की अपील की। उन्होंने कहा कि तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की संवैधानिक प्रक्रिया इस महीने के अंत से शुरू होने वाले संसद सत्र में पूरी कर ली जाएगी।

श्री मोदी ने कहा, ÷तीन कानून किसानों खासकर छोटे और सीमांत किसानों के हित में लाए गए लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी हम इस पवित्र कानून को पूरी तरह से शुद्ध और उनके हित में नहीं बना सके। हम किसानों के एक वर्ग को नहीं समझा सके। कृषि अर्थशास्त्रियों, वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों ने भी उन्हें समझाने की पूरी कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

पेट्रोल-डीजल की कीमत में 15वें दिन भी बदलाव नहीं

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जारी नरमी के बीच घरेलू स्तर पर सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों को स्थिर रखा, जिससे राजधानी दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार पंद्रहवें दिन भी कोई बदलाव नहीं हुआ।

केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये तथा 10 रुपये प्रति लीटर की कमी करने से देश में इसकी कीमतों में कमी आयी थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दोनों उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी की है। इससे संबंधित राज्यों में इन दोनों पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों में और कमी आयी है। इसका असर आज भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर बरकरार है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का सिलसिला जारी है। घरेलू बाजार में शुक्रवार को 15वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के पंप पर पेट्रोल की कीमत 103.97 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिके रहे। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

पाकिस्तान की बंगलादेश पर रोमांचक जीत

ढाका (वार्ता)। पुछल्ले बल्लेबाजों शादाब खान (नाबाद 21) और मोहम्मद नवाज (नाबाद 18) के दो-दो आतिशी छक्कों की बदौलत पाकिस्तान ने बंगलादेश को पहले टी 20 मुकाबले में शुक्रवार को चार गेंद शेष रहते चार विकेट से पराजित कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने हसन अली (22 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बंगलादेश को पहले टी 20 मुकाबले में 20 ओवर में सात विकेट पर 127 रन के मामूली स्कोर पर रोक दिया। लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में पाकिस्तान का पसीना निकल गया। पाकिस्तान ने 19.2 ओवर में छह विकेट पर 132 रन बनाकर जीत अपने

नाम की। शादाब खान ने अमीनुल इस्लाम की गेंद पर छक्का मारकर पाकिस्तान को जीत दिलाई। शादाब 10 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों के सहारे 21 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि नवाज आठ गेंदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 18 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने अपने छह विकेट 96 रन तक गंवा दिए थे लेकिन शादाब और नवाज ने सातवें विकेट के लिए 36 रन की मैच विजयी अविजित साझेदारी की।

विदेशी मुद्रा भंडार 76.3 करोड़ डॉलर घटकर 640.11 अरब डॉलर

मुंबई (वार्ता)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 नवंबर को समाप्त सप्ताह में लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 76.3 करोड़ डॉलर घटकर 640.11 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.14 अरब डॉलर कम होकर 640.87 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.09 अरब डॉलर घटकर 575.48 अरब डॉलर रह गया। हालांकि इस दौरान स्वर्ण भंडार 1.46 अरब डॉलर बढ़कर 40.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.3 करोड़ डॉलर कम होकर 19.18 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर घटकर 5.20 अरब डॉलर पर आ गया।

डीविलियर्स ने सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास लिया

जोहानसबर्ग (वार्ता)। मिस्टर 360 डिग्री के नाम से मशहूर दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। इससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सहित सभी फ्रेंचाइज़ी टी20 लीग के साथ उनका जुड़ाव समाप्त हो जाएगा, 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले डिविलियर्स लीग क्रिकेट खेल रहे थे। डिविलियर्स ने ट्विटर पर यह घोषणा करते हुए कहा , ÷यह एक अविश्वसनीय सफ़र रहा है, लेकिन मैंने सभी क्रिकेट से संन्यास लेने का फ़ैसला किया है। मैंने अपने भाईयों के साथ पूरा आनंद लिया है, मैंने शुद्ध आनंद और उत्साह के साथ क्रिकेट खेला है। अब, 37 साल की उम्र में वह लौ इतनी तेज़ नहीं जलती है। डिविलियर्स आखिरी बार 2021 आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स के लिए खेले थे, जहां उन्होंने 15 मैचों में 313 रन बनाए थे। उन्होंने आईपीएल में सबसे अधिक मैच खेले और सभी सीज़न का हिस्सा रहे हैं। 2011 में फ्रेंचाइज़ी के साथ अपने जुड़ाव की शुरुआत करते हुए, डिविलियर्स ने फ्रेंचाइज़ी के लिए 157 मैच खेले और 158.33 के स्ट्राइक रेट से 4522 रन बनाए। उन्होंने कहा, मैंने आरसीबी के लिए खेलते हुए एक लंबा और उपयोगी समय बिताया है।11 साल बीत चुके हैं और लड़कों को छोड़ना बेहद दुखद है।

फ्लिपकार्ट का फर्नीचर प्रोटेक्शन प्लान लॉन्च

नई दिल्ली (वार्ता)। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने 'कम्प्लीट फर्नीचर प्रोटेक्शन' लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह इंडस्ट्री का पहला प्लान है जिसमें ऑफिस चेयर, ऑफिस टेबल और गद्दे सहित प्लेटफॉर्म पर मौजूद कुछ चुनिंदा फर्नीचर उत्पादों पर दाग और आकस्मिक नुकसान का कवर दिया जाएगा। फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर पूरी तरह फर्नीचर प्रोटेक्शन देने के लिए प्रमुख इंश्योरटेक कंपनी, कवर जीनियस के साथ भागीदारी की है। इसमें फर्नीचर को आकस्मिक दाग और नुकसान के लिए एक साल का प्रोटेक्शन दिया जाता है, इस वारंटी को तीन वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। यह प्लान 199 रुपये से शुरू होता है और 1,999 रुपये तक जाता है। ग्लोबल फर्म के साथ फ्लिपकार्ट की रणनीतिक भागीदारी का उद्देश्य वैल्यू- एडेड सर्विस देकर भारत में ऑनलाइन फर्नीचर इंडस्ट्री के प्रति ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाना है।

पहल | कंपनियों को नवप्रवर्तन के लिए प्रोत्साहन दिए जाने के बारे पर बल दिया गया

अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए नया कानून बनाने की सिफारिश

मुंबई (वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक कार्यसमूह ने आनॅलाइन कर्ज देने वाले डिजिटल/मोबाइल ऐप के सत्यापन के लिए नोडल एजेंसी स्थापित करने और इस काम में लगी इकाइयों का एक स्वनियमन संगठन (एसआरओ) बनवाने की सिफारिश की है।

आईबीआई कार्यसमूह ने डिजिटल ऋण कारोबार में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए नया कानून बनाने की सिफारिश भी की है।

समूह ने ऐसे मंचों पर ग्राहकों का डाटा जोड़ने के लिए ग्राहकों से पूर्व सहमति लेने और पूरा डाटा भारत में स्थापित सर्ववर पर ही संग्रहित करने की सिफारिश की है। आरबीआई ने डिजिटल मंचों और

मोबाइल ऐप पर कर्ज देने कारोबार में तेजी के बीच ग्राहकों के हित की रक्षा और कारोबार के सुचार परिचालन के संबंध में सुझाव देने के लिए इस कार्य समूह का गठन इस वर्ष 13 जनवरी को किया था। आरबीआई के कार्यकारी निदेशक जयंत कुमार दास की अध्यक्षता में इस समूह ने बारह सूत्री सिफारिशें की हैं। इस रिपोर्ट में डिजिटल कर्ज कारोबार के परिवेश को ग्राहकों के लिए सुरक्षित बनाने के साथ कंपनियों को नवप्रवर्तन के लिए प्रोत्साहन दिए जाने के बारे पर बल दिया गया है।

आरबीआई की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार समूह ने 'आनलाइन ऋण ऐप के सत्यापन के लिए सभी सम्बद्ध पक्षों के साथ परामर्श कर के एक नोडल एजेंसी बनाने की सिफारिश की है।'

समूह ने ऐसे मंचों के लिए स्वनियमन संगठन (एआरओ) की भी सिफारिश की है।

कार्यसमूह ने गैरकानूनी डिजिटल ऋण कारोबार की रोकथाम के लिए एक अलग कानून बनाने की भी सिफारिश की है।

इन सिफारिशों में ग्राहकों से उनकी सहमति के बाद ही उनका डाटा जोड़ने और सभी डाटा भारत में रखने का नियम लागू करने का सुझाव है। समूह ने डिजिटल कर्ज कारोबार में एलगोरिदम के पहलुओं का रिकार्ड रखने, डिजिटल ऋण सुविधा देने वाली इकाइयों के लिए वार्षिक ब्याज दर जैसी सूचनाएं स्पष्ट और मानक स्वरूप में प्रकाशित करने , मोबाइल पर अनामंत्रित वाणिज्यिक काल और मैसेज पर रोक के लिए प्रस्तावित एसआरओ द्वारा आचारसंहिता लागू किए जाने , एसआरओ द्वारा सेवा प्रदाताओं की नकारात्मक सूची बनाने तथा कर्ज वसूली के लिए एसआरओ द्वारा मानक आचार संहिता बनाने की व्यवस्था की सिफारिश की है।

'समय की प्रतिबद्धता' के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के कोच नहीं बने पोंटिंग

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग 'समय की प्रतिबद्धताओं' के कारण ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय टीमों के साथ कोच की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हैं। पोंटिंग ने कहा, ÷साल में 300 दिन घर से दूर रहना ऐसी चीज़ नहीं है जो मैं करूंगा,÷ वह भी एक युवा परिवार के साथ। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि टी20 विश्व कप के बाद रवि शास्त्री के कार्यकाल की समाप्ति के बाद राहुल द्रविड़ के पदभार संभालने से पहले उनसे भारत के मुख्य कोच बनने के लिए संपर्क किया गया था।

पोंटिंग ने द ग्रेड क्रिकेटर पॉडकास्ट से कहा,' ÷सच कहूं तो समय ही एकमात्र चीज़ है जो मुझे (वह नौकरी लेने से) रोक रहा है। मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम को कोच करना पसंद करूंगा लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर अपने करियर के दौरान मैं अपने परिवार से लंबे समय तक दूर रहा हूं। मेरा अब एक युवा परिवार है, एक सात साल का लड़का है, और मैं साल में 300 दिन उससे दूर नहीं रहूंगा। वहीं आईपीएल मेरे लिए बहुत अच्छा काम करता है।÷

उन्होंने आगे कहा कि उन्हें खुश रखने और खेल के आसपास बनाए रखने के लिए पर्याप्त काम मिला है। इसके साथ-साथ वह परिवार के साथ पर्याप्त समय बिता सकते हैं।पोंटिंग ने यह भी कहा कि उन्होंने आईपीएल के दौरान भारत के कोच बनने के प्रस्ताव के बारे में ÷कुछ बातचीत÷ की थी, लेकिन उन्हें ÷ठीक उसी कारण÷ के लिए इसे अस्वीकार करना पड़ा।

दिल्ली प्रवास के दौरान टिकरी बॉर्डर पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा

कवर्धा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने दिल्ली प्रवास के दौरान लंबे समय से कृषि कानून बिल वापसी हेतु सहित अन्य मुद्दो को लेकर धरने पर बैठे किसानों के पास पहुँचे। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि कृषि कानून बिल वापसी को लेकर किसानों द्वारा दिल्ली के टिकरी बॉर्डर पर धरने पर बैठे हुए थे। आज प्रधानमंत्री जी द्वारा इनके मांगो पर को मान लिया गया है व बिल वापस लेने की सहमति दिया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही इनके मांगो को मान लेने की खबर मिली तो दिल्ली प्रवास के दौरान ही तत्काल टिकरी बॉर्डर पर पहुंचकर किसानों की खुशी में शामिल होकर उनका मुह मीठा कराकर बधाई दिया। किसानो ने कहा कि जब तक संसद में बिल पास नही किया जाएगा तब तक धरना स्थल पर डंटे रहेंगे। क्योंकि हमें प्रधानमंत्री जी के ऊपर भरोसा नहीं है इसलिये धरना स्थल पर रहते हुए संसद में बिल वासपी होने का इंतज़ार करेंगे। किसान नेता राकेश टिकैत ने बताया कि आंदोलन तत्काल वापस नहीं होगा, हम उस दिन का इंतजार करेंगे जब कृषि कानूनों को संसद में रद्द किया जाएगा। सरकार रूस्कके साथ साथ किसानों के दूसरे मुद्दों पर भी बात चीत करे।

कोविड टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करने स्कूली छात्रों ने निकाली रैली

औंधी। मानपुर ब्लॉक के औंधी क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औंधी के सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा एक कोविड टीकाकरण करने के लिए रैली निकाली गई। इस रैली में कोरोना ल हराना हे-हमर मयारू छत्तीसगढ़ ला बचाना हे के जोर-शोर से नारे लगे। इस रैली का मकसद है यह था कि अपने औंधी क्षेत्र में सभी कोरोना टीका के दोनों डोज लगवाना है। इस रैली में ग्राम पंचायत औंधी के सरपंच कैलाश बाई ठाकुर, सचिव बिसलाल वट्टी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता घसिया राम नाग एवं शाला के प्रचार्य बीआर भंडारी, रोशन वर्मा, लेखेन्द्र गोयल, प्रितराम भूआर्य, अनिल देवांगन, लोमेश मेश्राम, विकास देवांगन, रोशन साहू, कोमराज रामटेके, गौतम मेश्राम एवं चित्ररेखा पडोटी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र प्रतिनिधि थे।

धान उपार्जन केन्द्रों के लिए कलेक्टर ने गठित की निगरानी समिति

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफविपणन वर्ष 2020-21 में सहकारी समिति स्तर पर सही गुणवत्ता एवं पंजीकृत किसानों से धान खरीदी तथा मॉनिटरिंग के लिए स्थानीय स्तर पर 139 समिति व उपार्जन केन्द्रवार निगरानी समिति का गठन किया है। निगरानी समिति द्वारा निर्धारित औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) किस्म की धान पंजीकृत किसानों से क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। जिले के सभी 139 धान उपार्जन केन्द्र में गठिन निगरानी समिति में सहकारी समिति का अध्यक्ष व प्राधिकृत अधिकारी, संबंधित क्षेत्र का सरपंच एवं पटवारी सदस्य होगें। प्रभारी मंत्री द्वारा प्रत्येक धान उपार्जन केन्द्र के लिए अनुमोदित दो जन प्रतिनिधियों के नाम जारी किए जाएंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा समागम में प्रस्तुत हुआ मोहला का स्मार्ट टीवी नवाचार

राजनांदगांव। शिक्षा में किए गए विभिन्न नवाचारों एवं भविष्य की योजनाओं के लिए रायपुर में राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद एवं शिक्षकों का समागम हुआ। 14 और 15 नवंबर 2021 को राष्ट्रीय स्तर पर राजधानी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा समागम में मोहला के डिजिटल क्लास हेतु स्थापित स्मार्ट क्लास नवाचार का प्रस्तुतीकरण किया गया। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शिक्षा समागम रायपुर का उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि स्मार्ट क्लास बनाने के लिए कोरोना काल में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा पालकों के सहयोग से मोहला के 280 स्कूलों में स्मार्ट टीवी लगाए गए थे। इस नवाचार को राष्ट्रीय शिक्षा समागम में स्टॉल लगाकर सार्वजनिक रूप से अन्य जिले एवं अन्य प्रदेश के शिक्षाविदों के समक्ष प्रदर्शित किया गया। मंच पर बीईओ मोहला राजेंद्र कुमार देवांगन ने सभी के सहयोग से स्मार्ट क्लास स्थापना, इससे होने वाले लाभ तथा अल्प बजट पर किये गए मोहला के शिक्षकों के नवाचार का बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। स्मार्ट टीवी के माध्यम से अध्यापन के लाभ को दर्शाने के लिए शिक्षक सईद कुरैशी, राजकुमार यादव एवं योगेंद्र देवांगन ने स्टाल पर स्मार्ट टीवी और पोस्टर बैनर के माध्यम से नवाचार को दर्शाया।

बीईओ श्री देवांगन ने बताया कि राजधानी रायपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा समागम में मोहला के शिक्षकों द्वारा डिजिटल पढ़ाई के लिए किए गए प्रयासों को प्रदर्शित किया गया। अन्य प्रदेश से आए हुए नवाचारी शिक्षकों ने इस योजना की प्रशंसा की। बीईओ देवांगन ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि इस योजना को अल्प बजट में डिजिटल पढ़ाई के लिए देश के अन्य हिस्सों में भी लागू किया जा सकता है। इस नवाचार को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में विभागीय अधिकारी एवं मोहला के एपीसी श्री सतीश ब्यौहरे सभी सीएसी व शिक्षकों ने कड़ी मेहनत की है। मोहला के नवाचार का राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए संसदीय सचिव श्री इंद्रशाह मंडावी, समाजसेवी संजय जैन, डीईओ एचआर सोम, डीएमसी भूपेश साहू, एपीसी सतीश ब्यौहरे, मीडिया सहायक पीआर झाड़े एवं दुर्गेश त्रिवेद तथा संकुल समन्वयकों , प्राचार्यों तथा शिक्षकों ने मोहला के प्रतिभागी टीम को बधाई दी है।

सरपंच पति ने गरीबों की आशियाना को तोड़ बेघर किया, एसडीएम से शिकायत

बसना। विकास खण्ड बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसुला के सरपंच पति द्वारा दबंगई व मनमानी की शिकायत गांव के निवासियों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा) सरायपाली जिला महासमुंद से किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में निर्माणाधीन अटल आवास को तोड़कर वहां रह रहे गरीब लोगों को रातों-रात बे घर किया गया। तथा वहां के ईट एवं छड़ से अपने घर बनाए गए व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के उपदेश से तालाब मेड में सीसी रोड का अवैध रूप से निर्माण करवाया गया इस मामले में ग्राम पंचायत सचिव से बात करने पर उन्होंने बताया की सीसी रोड निर्माण के लिए किसी भी प्रकार का प्रस्ताव पास नहीं किया गया है न हीं हमारे पास किसी व्यक्ति का कोई आवेदन आया है वार्ड क्रमांक 13 में आंगनबाड़ी क्रमांक 1 के समीप खाली पड़े शासकीय जमीन पर चावल वितरण करने हेतु मकान बन रहा है बोलकर गांव वालों को बरगला कर अवैध मकान का निर्माण किया गया तथा उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश किया जा रहा है बारिश के महीने पर अच्छे रोड पर सफेद मुरूम डालकर कीचड़ करवाया गया तथा उसी कीचड़ पर जीरो गिट्टी डलवा कर बाद में मैं आप लोगों को कीचड़ मुक्त गली दे रहा हूं कह कर अपने बारे में प्रचार प्रसार करवाया तथा उसी रोड पर कुछ ही दिन बाद सीसी रोड का निर्माण किया गया शासन के पैसे का तीन तीन बार एक ही रोड के लिए दुरुपयोग किया गया और व्हाट्सएप ग्रुप में 70 साल में जो विकास नहीं हुआ है वह विकास आज हो रहा है बोलकर वाहवाही लूटी गई है अवैध सीसी रोड बनाया गया है जिसमें जमींदार को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य शासकीय तालाब के मेड को काटकर रोड बना कर दिया गया है ताकि जमींदार के पास उस जमीन में जाने का रास्ता नहीं था इसलिए उसे तालाब मेंड पर सीसी रोड बना कर उसे रोड उपलब्ध कराया गया है ताकि भविष्य में जमींदार वहां प्लाट काटकर ऊंचे दामों पर लोगों को भेज सकें तथा जो लोग वहां घर बनाकर रहेंगे उनके नाली का पानी इसी तालाब में डाल दिया जाएगा जिससे पूरे बनसुला

सड़क निर्माण का काम बंद, किसान नेता ने कहा एक सप्ताह में शुरु हो काम, नहीं तो करेंगे उग्र आंदोलन

■ 1 सप्ताह के अंदर चालू नहीं होने पर होगा प्रदर्शन – योगेश तिवारी

बेमेतरा। शहर के अंदर से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य, कई महीनों से बंद होने पर किसान नेता योगेश तिवारी ने 1 सप्ताह का समय देते हुए मार्ग के कार्य को चालू करने की मांग करते हुए संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को 1 सप्ताह की समय सीमा दी है और सप्ताह भर के अंदर कार्य चालू नहीं होने पर क्षेत्र की जनता के साथ उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

प्रेस को जारी बयान में किसान नेता योगेश तिवारी ने राष्ट्रीय राज्य मार्ग के कार्य पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए जमकर आक्रोश जताया और कहा कि विगत 1 साल से पीकरी पारा से अशोका विहार कॉलोनी तक सड़क का कार्य कछुए की चाल की तरह चल रही हैं। निर्माणाधीन सड़क से आम जनता को कठिनाइयों, परेशानियों से गुजरना पड़ रहा हैं। सुबह से लेकर शाम तक धूल के गुब्बारे लोगों के घरों के साथ साथ आम जनता के स्वास्थ्य पर ही प्रभाव डाल रहे हैं। हर रोज क्षेत्र की हजारों जनता तकलीफों के साए में सड़क मार्ग से गुजर रही है, उसके बावजूद भी आखिर विभाग की ऐसी कौन सी मजबूरी है, जो इस सड़क को 1 साल से अधिक होने के बाद भी ठेकेदार से पूर्ण नहीं करा पा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग के द्वारा जानबूझकर सत्तापक्ष से जुड़े ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए आम जनता को परेशानी में डाल दिया हैं। विगत 3 से 4 माह से सड़क का कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया गया हैं। सड़क के उबड़ खाबड़ और धूल से भरी होने के चलते पिछले वर्ष की दीपावली और इस वर्ष की दीपावली का पर्व में भी आम जनता के साथ-साथ व्यवसायिक क्षेत्र पर प्रभाव पड़ा हैं। शहर के बीचो-बीच बंद पड़ी सड़क अगर 1 सप्ताह के अंदर चालू नहीं कराया गया तो मजबूरन क्षेत्र की जनता के साथ आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन और विभाग की होगी।

शिवनाथ के मोहारा तट पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

राजनांदगांव। कार्तिक पुर्णिमा स्नान करने के लिए शिवनाथ नदी के तट पर शुक्रवार को लोगों की भीड़ उमड़ी। वहीं शिवनाथ नदी पर श्रद्धालुओं ने सबसे पहले पूजा पाठ कर दीपदान किया, इसके बाद आस्था के साथ पुण्य स्नान किया। बता दें कि कार्तिक पुण्य स्मरण करने के लिए मोहरा तट पर सुबह से ही भीड़ जुटने लगी थी। शहर के सबसे बड़े पुन्नी मेले को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए मोहरा तट पर सैकड़ों की संख्या में लोग की भीड़ जुटी है।

कबाड़ गोदाम में लगी आग, सामान जलकर हुआ खाक

गंडईपंडरिया । गंडई नगर के वार्ड क्रमांक 14 लालबर्रा मुहल्ला में एक कबाड़ी दुकान में बीते शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे अचानक आग लग जाने से कबाड़ गोदाम में रखे समान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। कबाड़ी संचालक मुन्ना मेमन ने बताया कि दोपहर 1 बजकर 20 मिनट में गोदाम बंद कर नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गया हुआ था, वैसे में ही उनके गोदाम में कार्य करने वाले मजदूर ने गोदाम में धुँए आने की जानकारी दिया तभी मुन्ना मेमन तुरंत अपने गोदाम आकर देखा तो काफी धुँए और आग के लपेटे में पूरा गोदाम धधक रहा था। जिसकी सूचना गंडई थाने में दिया गया। जहाँ थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेन्द्र ने अपने जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, साथ ही फायर ब्रिगेट की गाड़ी को सूचना मिलते ही वह भी तत्काल मौके पर पहुँचकर आग बुझाने में लगे रहे। लेकिन आग इतना तेज था कि गोदाम में रखे समान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। काफी देर बाद आग पर काबू पाया गया।

नही हुई कोई अनहोनी: आग से आसपास के इलाके में बसे लोगो को किसी भी प्रकार से कोई जन हानि नही हुई है। बीते शुक्रवार को गुरुनानक जयंती का शासकीय छुट्टी था। जिस गोदाम में आग लगी है वहाँ से स्कूल की दूरी महज 50 मीटर है। गोदाम के ऊपर से केबल कनेक्शन होने के कारण आग केबल वायर को अपने चपेट में ले लिया है। जिससे ग्राम भुरभुसी में लाइट नही होने के कारण काफी परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ा। देर शाम तक विद्युत सप्लाई नही हो पाया था। विद्युत विभाग के कर्मचारी देर शाम तक मशक्कत करते रहे।

आग कैसे लगी स्पष्ठ नही जांच जारी: गोदाम में आग लगने का कारण स्पष्ठ नही हो पाया है। लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि गैस कटर के माध्यम से जिस कार्य को अंजाम दिया जाता है।

पीएम मोदी ने अपना वादा निभाया अब राज्य सरकार कम करें पेट्रोल-डीजल पर टैक्स : संतोष

कवर्धा। देश भर में बढ़ते पेट्रोल और डीजल के दाम से मचे हाहाकार के बीच देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक मुस्त पेट्रोल और डीजल के दाम कम कर मास्टरस्ट्रोक खेला है । इसी बीच अब राज्यो पर राज्य के लगने वाले टैक्स में कमी करने के माँग को लेकर भाजपा कॉंग्रेस पर हमलावर है । ईंधन के दामो को लेकर हो रहे चर्चा के बीच साँसद संतोष पाण्डे ने प्रेस कांफ्रेंस कर छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार पर हमला बोला । श्री पांडे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा हम सब जानते है वैश्विक कारणों और कोरोना के कारण उपजे आर्थिक हालात का व्यापक असर पेट्रोल डीजल के रेट पर पड़ा था । पर देश के प्रधानमंत्री ने बढ़ती महंगाई और महंगे ईंधन के रेट में पेट्रोल पर 5 रुपये और डीजल पर 10 रुपये कम कर जनता को राहत देने का काम किया है । उन्होंने कहा देश की जनता जानती है सरकार ने इस विपरीत परिस्थितियों में भी कोविड जैसे महामारी से निपटते हुए भी आर्थिक रूप से देश को मजबूत रखा सैन्य संसाधन से लेकर विकास कार्यो में कोई कमी नही आयी है । वही 15 लाख करोड़ के अनुमानित राजस्व के तुलना में 20 लाख करोड़ का राहत पैकेज मोदी जी ने देश को दिया । अब छत्तीसगढ़ सरकार को बताना चाहिए दारू से वसूले जा रहे एक नम्बर और दो नम्बर के राजस्व को भूपेश सरकार ने कहा खर्च कर रही है ।

पेट्रोल के दाम को लेकर छाती पीटने वाली कॉंग्रेस पार्टी के जहां जहां सरकारे है इन्ही लोगों ने पेट्रोल डीजल को जीएसटी में लाने के वित्त मंत्री के प्रस्ताव को पर सहमती नही दी । अब छत्तीसगढ़ की जनता पूछ रही है कॉंग्रेस शासित राज्य जहां चुनाव है वहाँ तो राज्य के वैट कम किये गए भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में पेट्रोल डीजल का रेट कब कम करेगी । उन्होंने भूपेश बघेल पर कटाक्ष करते हुए कहा राष्ट्रीय नेता बनने की कोशिश में मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ को भुल रहे है हम सरकार से माँग करते है जनता को राहत दिया जाये।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

तीनों कृषि कानून...

आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक 2020 थे। इनके कानून बनने से पहले और इसके तुरंत बाद, प्लेटफ़ार्मों पर किसानों ने आंदोलन शुरू कर दिया था, उनमें से कुछ शांतिपूर्ण थे, कुछ ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, जिसमें इस साल की शुरूआत में 26 जनवरी को लाल किले पर आंदोलन ने दंगे का रूप ले लिया था। वहीं किसानों का दावा है कि आंदोलन के दौरान विभिन्न स्थानों पर 600 से अधिक किसानों की मौत भी हुई है।

संसद में पास होने के बाद ही मानेंगे वापसी : किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि प्रधानमंत्री ने तीनों कानूनों को वापस लेने की घोषणा की है लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कमेटी बनाने और बिजली अमेंडमेंट समेत अन्य मुद्दों पर अभी बात होनी बाकी है। फि लहाल संयुक्त मोर्चा प्रधानमंत्री की घोषणा को लेकर बातचीत कर रहा है, आगे की रणनीति जल्द तय होगी। संयुक्त किसान मोर्चा ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने के निर्णय का स्वागत किया है। किसान मोर्चा ने कहा कि उचित संसदीय प्रक्रियाओं के माध्यम से घोषणा के प्रभावी होने की प्रतीक्षा करेगा। एसकेएम ने प्रधानमंत्री को यह भी याद दिलाया कि किसानों का आंदोलन न केवल तीन काले कानूनों को निरस्त करने के खिलाफ है, बल्कि सभी कृषि उत्पादों और सभी किसानों के लिए लाभकारी मूल्य की वैधानिक गारंटी के लिए भी है। किसानों की यह अहम मांग अभी बाकी है। एसकेएम सभी घटनाक्रमों पर ध्यान देगा, जल्द ही अपनी बैठक करेगा और आगे के निर्णयों की घोषणा करेगा।

बहरहाल करीब डेढ़ साल से चल रहा किसान आंदोलन अब खत्म होने के कगार पर है। अब केंद्र सरकार संसद में इसे किस प्रकार खत्म करने का बिल लाती है और किसान इससे क्या भाजपा की ओर आकर्षित होंगे ये देखने वाली बात होगी।

कांग्रेस खड़ी है ...

किया जा सकता है। वैसे भी, यह किसानों और कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ी जीत है जो कृषि कानूनों के विरोध में अडिग थी।

मिस्टर 360 डिग्री ...

और हरेक सपोर्ट सदस्य को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने एक ही रास्ते पर यात्रा की है. डिविलियर्स ने आगे लिखा, मुझे दक्षिण अफ्रीका में, भारत में और जहां भी मैंने खेला है, वहां मिले समर्थन से मैं अभिभूत हूं.

छग में पंच-सरपंचों का...

बाद ही कम होंगे। तीन कृषि कानूनों को वापस लेने को लेकर सीएम ने कहा कि किसान तो लगातार अपनी मांग पर अड़े हुए थे, लेकिन भाजपा और सत्ता कभी आतंकवादी, कभी पाकिस्तान समर्थक कहती थी। अपमान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ा। आज केंद्र सरकार के पास कोई रास्ता नहीं बचा तो उन्होंने कृषि कानूनों को वापस लिया।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में भी पंचायत चुनाव की तैयारियां चल रही है, ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरपंचों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा अहम मानी जा रही है। जबकि सीएम ने पंचायतों में सरकारी काम कराने के लिए भी 50 लाख रुपए की तक की घोषणा कर दी है।

मदकुद्वीप से मोहन भागवत ...

हर किसी को अपनाता है.

मोहन भगवत ने धर्मांतरण और पर्यावरण पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण को बचने हरित क्रांति लेन की आवश्यकता है। जैसा की यह क्षेत्र दिखाई दे रहा है। उन्होंने धर्मनातरण पर कहा कि आरएसएस धर्मान्तरण नहीं कराता। लेकिन दुर्बल को सबल जरूर बना देता है। सनातन परंपरा यानी हिंदू धर्म यही सीख देता है। शक्ति सम्पन्न रहे तो कोई भी आपको झुका नहीं सकता।

धर्म परिवर्तन कराने वालों को भागवत ने इशारों में दिया कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जैसे बाजा एक सुर में बजता, ताल से ताल मिलता है, वैसे ही हमें रहना है। कोई सुर को खराब करे तो संविधान में उसके लिए भी कानून है। कानून के दायरे हम उसे भी ठीक कर सकते हैं. किसी को बदलने की चेस्टा न करो, अपने रास्ते चलो। उन्होंने कहा कि मदकुद्वीप का यही संदेश है, गुरु नानक का यही संदेश, पूर्णिमा का यही संदेश, इस कार्यक्रम का यही संदेश और इस पुण्यभूमि का भी यही संदेश है।

बीजेपी-टीएमसी ...

व्यवस्था) सुब्रत चक्रवर्ती ने बताया कि कलीतिला इलाके में बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे और भाजपा कार्यालय के पास पहुंच गए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने आ गए, जिससे कहा-सुनी हो गई। उन्होंने कहा, अचानक, टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा समर्थकों पर हमला किया, जिन्होंने भी जवाबी कार्रवाई की।

सीएम भूपेश ने खारुन...

हमारे छत्तीसगढ़ का यह पहला मेला है। मैं जब से यहां आने लगा ये मेला लोगों की नजरों में और आया। अच्छा है अपनी संस्कृति से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा-मैं बचपन में भी इसी तरह गांव के तालाब में स्नान किया करता था।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना
(तृतीय आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्रं./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
1	2	3
145/87170	ROAD MARKING, SIGN BOARD, RPM AT VARIOUS ROAD DIVIDER UNDER SUB DIVISION NO.-1 RAIPUR (C.G.)	रू. 80.00 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 02.12.2021 समय सांय 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 65240/4

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि.रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ई-मेल cs-bbazar.cg@gov.in — Tel-phone-07727-223532
क्रमांक/स्टोर/2021/3254 — बलौदाबाजार, दिनांक-16/11/2021

पैथालॉजी लैब एवं ब्लड बैंक आवश्यक सामग्री हेतु
निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञप्ति

जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में पैथालॉजी लैब एवं ब्लड बैंक हेतु आवश्यक सामाग्री क्रय करने के लिये निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र की शर्तो एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में किसी भी दिवस प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र की मुल्य रू. 2000.00 (दो हजार रूपये का डीडी जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार) के नाम से जमा कर प्राप्त कर सकते है।

अनुमानि राशि-	15.00 लाख रूपए 1 वर्ष हेतु
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	दिनांक 02.12.2021 को शाम 5.00बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक-03.12.2021 को दोपहर 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक-03.12.2021 को शाम 4.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया जा सकता है,जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पोर्टल में चस्पा कर दी जावेगी।

जी-65235/1

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला-चिकित्सालय बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

अब महिला कांग्रेस में अंर्तकलह

कवर्धा/नवप्रदेश। स्थानीय सर्किट हाउस में दीपावली मिलन समारोह को लेकर अब कई तरह की चर्चाएं हो रही है दरअसल महिला कांग्रेस में कुछ पदाधिकारियों को इस कार्यक्रम से संबंधित जानकारी नहीं मिलने की बात निकल कर सामने आ रही हैं जिसके चलते वे दीपावली मिलन समारोह में शामिल नहीं हो सके वही बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं के द्वारा इसकी जानकारी सभी को दे दी गई थी बावजूद इसके कुछ पदाधिकारी गण इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए अब मामला तूल पकड़ने लगा है कि आखिर इन पदाधिकारियों में कौन बड़ा और इस विषय को लेकर अब महिला कांग्रेस में अंतर कलहा बनते नजर आ रहा है। फिलहाल अब यह देखना होगा कि आगे की क्या स्थिति निर्मित होती है और यह अंतर कलहा कब तक खत्म होता है। कवर्धा जिला महिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती माया रानी ठाकुर के निर्देशानुसार जिला महिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी श्रीमती गंगोत्री योगी के नेतृत्व में दीपावली मिलन एवं परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम सर्किट हाउस में सपन्न हुआ।

अल्पसंख्यक समुदाय की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 नवंबर तक

गरियाबंद/नवप्रदेश। अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, इसाई, सिख, बौद्ध, जैन एवं फारसी के विद्यार्थियों के लिए प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, मेरिट कम मीन्स अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति वर्ष 2021-22 हेतु डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट स्कॉलरशीप डाट जीओवी डाट इन में आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2021 तक है। जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय स्कूल, आईटीआई, पालीटेक्निक, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के संस्था प्रमुख निर्धारित तिथि में आनलाईन आवेदन (नवीन एवं नवीनीकरण) का वेरीफिकेशन कर आदिवासी विकास विभाग गरियाबंद में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु आदिवासी विकास विभाग कार्यालय गरियाबंद से संपर्क कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 15 तक आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गरियाबंद द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2021-22 हेतु आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन 15 दिसम्बर 2021 तक आमंत्रित की गई है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से मिली जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत सेवा इकाई हेतु अधिकतम 10 लाख रूपये एवं उद्योग इकाई हेतु 25 लाख रूपये तक राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से ऋण मुहैया कराया जाता है। गरियाबंद जिले के इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पीएमईजीपी पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट केवीआईसीऑनलाईन डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाईन 15 दिसम्बर 2021 कर सकते हैं। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज आवेदक का आधार कार्ड, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र/विकलांग प्रमाण पत्र/अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र (अंक सूची की फोटोकापी), ग्राम पंचायत/नगर पंचायत का जनसंख्या एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र (जहाँ उद्यम स्थापित करना चाहते है), प्रोजेक्ट रिपोर्ट, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ संयुक्त जिला कार्यालय स्थित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कक्ष क्रमांक-92, दूरभाष 07706-241268 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

ग्रहण का मोक्ष चंद्रोदय के समय ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, भारत के पूर्वोत्तर भाग चीन और रूस में दिखाई देगा। छत्तीसगढ़ में दिखाई नही देने के कारण इस ग्रहण का कोई भी धार्मिक मान्यता अर्थात सूतक या स्नान नही रहेगा।

पद्मश्री सम्मान मिलने पर डॉ. राधेश्याम बारले को पुष्पेंद्र चंद्राकर ने मिलकर दी बधाई

गुंडरदेही । छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पंथी नर्तक डॉ. राधेश्याम बारले को गत दिनों राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने के बाद भिलाई प्रवास के दौरान गुंडरदेही क्षेत्र के भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की उपस्थिति में पुष्पगुच्छ भैंटकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्हें बधाई देते हुए जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि डॉ. राधेश्याम बारले ने पंथी नृत्य की थाप को समूचे विश्व में गुंजायमान किया है। पंथी नृत्य के माध्यम से उन्होंने छत्तीसगढ़ के युगांतरकारी संत बाबा गुरु घासीदास जी के मनखे मनखे एक समान और सत के अँजोर को प्रसारित किया है। आज पंथी नृत्य की जो लोकप्रियता प्रतिष्ठित हुई है उसमें डॉ राधेश्याम बारले का योगदान महत्वपूर्ण है।

बाल दिवस पर क्रीडा प्रतियोगिता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। बाल दिवस के अवसर पर विगत 15 एवं 16 नवम्बर को जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिले के चिन्हाकिंत 13 स्कूलों क्रमशः शासकीय हाईस्कूल लचकेरा, शासकीय पूर्व मा.शा. गुण्डरदेही, शासकीय प्राथमिक शाला दुतकईया, शासकीय प्राथमिक शाला रक्शा. शासकीय पूर्व मा.शाला वरभाठा (फिंगेश्वर विकासखण्ड), शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पक्तियां, शासकीय प्राथमिक शाला बोईरगांव, गरियाबंद विकासखण्ड के- शासकीय हाईस्कूल लिटीपारा, शासकीय पूर्व मा.शा.डुमरबाहरा (छुरा विकासखण्ड), शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गरहाडीह, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला-कोकड़ी (मैनपुर विकासखण्ड), शासकीय हाईस्कूल गिरसूल, शासकीय पूर्व मा.शाला घोघर (देवभोग विकासखण्ड) में कुर्सी दौड़, नीबू/बांटी दौड़ जलेबी दौड़ एवं मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता तथा बाल संरक्षण के विषय पर जन जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक/बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया।

उक्त आयोजन में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं आर्दश नियम 2016 के विषयों पर बच्चों को जागरूक करते हुये बच्चों के अधिकार, गुड्-टच, बेड़-टच, बाल विवाह, बालश्रम, नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या. कोविड-19 के संक्रमण से बचाय, मानव तस्करी, बच्चों के अवैध प्रवास, एवं चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त आयोजन में

जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का, जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई अनिल द्विवेदी, संरक्षण अधिकारी (संस्थागत देखरेख) श्री फणीन्द्र कुमार जायसवाल, (विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी) शरदचंद निषाद, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) शैलेन्द्र नागदेवे, प्रेमशंकर यादव (परामर्शदाता), प्रदीप जगताप (लेखापाल), पुष्कर सिंह साहू (डेटा एनालिस्ट), गोपाल सिंह कंवर (सामाजिक कार्यकर्ता), श्रीमती हेमलता नाविक, श्रीमती स्नेहलता शुक्ला एवं यशवंत ध्रुव, (ऑउटरीचवर्कर) का योगदान रहा।

अश्लील फोटो वीडियो बनाकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। वरिष्ठ अधिकारियो के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर गंभीर मामलो मे आरोपी को पकडने कार्यवाही करने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे जिस पर निरीक्षक महेश ध्रुव के नेतृत्व पर आरोपी गोल्डी उर्फ अविनाश शुक्ला पिता आदित्य शंकर शुक्ला उम्र 32 साल साकिन सुभाष वार्ड भाटापारा को गिरफ्तार किया गया।

उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी महेश धुव ने बताया कि प्रार्थिया ने 9 नवम्बर को थाना उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट की है कि आज से तीन साल पूर्व से आरोपी गोल्डी उर्फ अविनाश शुक्ला भाटापारा द्वारा शारीरिक सबंध बनाने व दैहिक शोषण कर अश्लील विडीयो, फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर नगदी उगाही 3,00,000/रू0 एंव सोने चांदी के जेवरात तथा मोबाईल रख लेने एवं विडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार शारीरिक संबध बनाने की रिपोर्ट पर अपराध धारा 376,384 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया और आरोपी गोल्डी उर्फ अविनाश शुक्ला पिता आदित्य शंकर शुक्ला उम्र 32 साल साकिन सुभाष वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार* को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

नाबालिक से दुष्कर्म, आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला द्वारा महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों में ततपरतापूर्वक आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर पटेल एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रोशन राजपूत थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिक बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को, राजस्थान से गिरफ्तार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 05 नवंबर को प्रार्थी ने इसकी नाबालिग पुत्री को विधि पूर्ण संरक्षण से भगा कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 485/ 2021 धारा 363,366,भादवि एवं 17,18 पोक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया! प्रकरण की विवेचना दौरान गवाहों के कथन के आधार पर आरोपी वासुदेव पाल एवं विधि से संघर्षरत बालक को दिनांक 08.10.2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था! प्रकरण की पीड़िता एवं मुख्य अभियुक्त की पता तलाश हेतु तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सहायक उपनिरीक्षक अश्वनी पडवार के नेतृत्व में टीम तैयार कर उदयपुर राजस्थान भेजा गया था पीड़िता को अभियुक्त गुलाब सिंह पनवार उर्फ रणवीर पिता दलपत सिंह पनवार उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम सिवेरा थाना सिरोही राजस्थान के कब्जे से सकुशल बरामद कर पीड़िता एवं अभियुक्त को थाना भाटापारा ग्रामीण लाया गया पीड़िता ने अपने कथन में आरोपी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करना बताने पर प्रकरण में धारा 376 भादवी 04,06 पॉक्सो एक्ट जोड़ी जा कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय रिमांड हेतु भेजा गया !

खबर छपने के बाद एक्शन में एसडीएम, अवैध धान जब्त

■ खबर का असर

देवभोग/नवप्रदेश। नवप्रदेश में प्रकाशित समाचार का एक दफा फिर प्रशासन के बीच असर देखने को मिला है। उड़ीसा से लगे अधिकांश गांव पर बिचौलियों द्वारा किसानों को प्रलोभन के झांसे में लेकर लगातार सैकड़ों क्विंटल धान किसानों के घर एवं कोटरों में डंप करने को लेकर नवप्रदेश ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया। जिस पर गंभीरता दिखाते हुए बीती रात एसडीएम सूरज साहू थाना प्रभारी विकास बघेल नायब तहसीलदार पूरे दलबल के साथ छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया छापामार के दौरान सुपेबेड़ा के सुंदर नागेश घर से 100 कट्ठा धान खोकसरा के दीपक आदिल घर से 160 पैकेट और ठरली गुड़ा रामप्रसाद घर से 240 पैकेट अवैध धान जप्त किया गया। इसके अलावा समाचार लिखे जाने तक कई घरों पर छापामार कार्यवाही किया जा रहा था। इस कार्यवाही से बिचौलियों के बीच काफी ज्यादा हड़कंप मचा हुआ है। क्योंकि वर्तमान में भी कई बिचोली प्रशासन की निगाहों से छुपा कर सैकड़ों कुंटल धान रखे हुए हैं । मगर एसडीएम सूरज साहू की धुआंधार कार्रवाई से वह अब धान की अफरातफरी में लग गए हैं। मतलब इस बार धान खरीदी पर वास्तविक किसानों को समर्थन मूल्य के साथ राजीव गांधी न्याय योजना के तहत बोनस राशि का लाभ दिलाने स्थानीय प्रशासन ने कमर कस लिया है। सबसे मजेदार बात तो यह है कि इस कार्यवाही से बिचौलियों और किसानों के बीच का संपर्क टूट रहा है। क्योंकि उड़ीसा के धान के साथ स्वयं की रखी धान भी अवैध धान की चपेट में आ रहा है। हालांकि अभी भी मोटरापारा सेंडमुड़ा निस्टीगुड़ा जामगुरियापारा आमड झाखरपारा के बिचौलियों के पास सैकड़ों क्विंटल उड़ीसा का धान होना बताया जाता है। क्योंकि इन गांव में 15 दिन पहले से ही बिचौलियों द्वारा उड़ीसा का धान मंगाया जा रहा था ।

अवैध शराब पर पुलिस नहीं लगा पा रही अंकुश : प्रकाश

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा के ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है। फिर भी पुलिस एवं आबकारी विभाग अवैध बिक्री पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। खासबात यह कि क्षेत्र में कई जगहों पर कच्ची शराब भी बनाई जा रही है। इसकी जानकारी पुलिस और आबकारी अफसरों को हैं। अवैध शराब को लेकर पुलिस थाना में भी कई बार शिकायत किया जा चुका है। इसके बाद भी शराब माफिया के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। जिसके चलते शराब माफिया खुलेआम अवैध शराब बेच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शासन को हर माह लाखों रुपए राजस्व की हानि हो रही है।

जनपद सदस्य चन्द्र प्रकाश साहू ने बताया कि गाँव के चौक चौराहे, घर पहुँच , सहित अन्य जगह अवैध शराब का व्यापार दिन प्रतिदिन फल फूल रहा है।

शराब माफिया दिन दहाड़े जगह-जगह अवैध शराब खुलेआम बेच रहे हैं। इसके बावजूद भी पुलिस एवं आबकारी विभाग अफसर हाथ पर हाथ रखे बैठे हुए हैं। गाँवों में अवैध शराब बिकने को लेकर क्षेत्रीय जनपद सदस्य प्रशासन को अवगत कराया हैं । इसके बाद भी शराब माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। खासबात यह कि अवैध शराब कोचियो को गाँव में पहुँचा कर दिया जा रहा है। जिसकी वजह से दिन पर दिन शराब पीने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।

जन जागरण पद यात्रा की शुरुआत

खरोरा। अखिल भारतीय कांग्रेस के आह्वान पर प्रदेश प्रभारी पी एल पुनिया निर्देश पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ,मो अक़बर भाई केबिनेट मंत्री, जिला अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस से लोहारा ब्लॉक प्रभारी लाल बहादुर चन्द्रवशी के मार्ग दर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष रामचरण पटेल के नेतृत्व में जन जागरण पद यात्रा की शुरुआत बाबा चौरा की पूजा अर्चना करके ग्राम गुलालपुर नवागांव बिरनपुर तालपुर इरीमकसा सारी कुरलू छिरबांधा कुटकीपारा सिंघरा पारा महराटोला छोटूपारा पीपर टोला बड़े बिलहरी मैं समापन हुआ जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद निर्माण नहीं करा रहे सरपंच-सचिव

देवभोग/नवप्रदेश। सीसी सड़क स्वीकृत निर्धारित राशि में पैसे बनाने की हुड में घुमरगुड्डा के निर्माण एजेंसी ने पंचायत ग्रामीण विकास विभाग सारे नियम को ठेंगा दिखाते सड़क बना दिया जिसे लेकर अब जिमेदार आधिकारी के उपर सवाल खड़ा किया जा रहा है। क्योंकि बनाई गई सड़क पर ना ठीक तरह बेस काम किया गया और ना सड़क बनने के बाद पानी की तराई हुई ऐसे सड़क वक्त से पहले टुटने की पूरी संभावना बनी है। क्योंकि सड़क के आजू बाजू गहरी खेत है। और मिट्टी सड़क के उपर सीसी सड़क बनाया है। जबकि जनपद सीईओ एम एल मंडावी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश देते हुए सड़क भवन अन्य कार्य गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कराने के लिए कहा रहा। लेकिन सीईओ के निर्देश की धज्जियां उड़ा कर निर्माण एजेंसी स्वीकृत राशि में मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं। शायद यही वजह है की विकासखंड के पंचायत अंतर्गत बनाई गई सीसी सड़क वक्त से पहले दम तोड़ देती है। जानकारी अनुसार घूमरगुड़ा पंचायत के आश्रित ग्राम घोंटगुड़ा गौरव पथ से कंचन घर तक विधायक मद के तहत 5 लाख की सीसी सड़क स्वीकृत किया गया। और सरपंच सचिव को प्रथम किश्त के रूप में 2 लाख रुपए जारी किया ताकि समय सीमा के भीतर गुणवत्ता पूर्वक सड़क का निर्माण किया जाए मगर निर्माण एजेंसी अपना निजी स्वार्थ साधने के मनमर्जी अनुसार सड़क निर्माण कर छोड़ दिया है। ग्रामीणों की माने तो गौरव पथ से खरकार पारा तक की खस्ताहाल सड़क से निजात पाने के लिए लगातार सीसी सड़क की मांग किया गया लेकिन अब वह सीसी सड़क मुनाफाखोरी की बलि चढ़ गया मतलब सड़क निर्माण की क्वालिटी देख कुछ महीना बाद फिर से ग्रामीणों को खस्ता हाल सड़क सफर तय करना पड़ेगा जिससे नाराज ग्रामीणों ने जांच और कार्यवाही की मांग शुरू कर दिया।

एम एल मंडावी सीइओ आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है अगर नियम विरुद्ध सीसी सड़क बनाया गया है तो बिल्कुल कार्यवही किया जाएगा

मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

30 नवम्बर 2021 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

21 नवम्बर को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा पात्र एवं युवा मतदाताओं (आयु वर्ग 18-19 के युवा नागरिकों) के पंजीयन के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी 2022 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2022 कार्यक्रम के अंतर्गत 01 नवम्बर 2021 को जिला गरियाबंद अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54-राजिम के 274 मतदान केन्द्रों तथा 55-बिन्द्रानवागढ़ के 299 मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया हैं। उक्त कार्यक्रम के तहत 01 नवम्बर 2021 (सोमवार) से 30 नवम्बर 2021 तक मतदान केन्द्रों में दावा-आपत्ति प्राप्त किये जाएंगे। इस दौरान मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे, जिनके पास आवेदन जमा किये जा सकते हैं। साथ ही रविवार 21 नवम्बर 2021 को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। जिले के ऐसे नागरिक जिनकी आयु 01 जनवरी 2022 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो तथा जिनका नाम पूर्व में मतदाता सूची में शामिल न हो पाया हो, वे संबंधित मतदान केन्द्र में फार्म-6 जमा कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते है।

कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे, मोतीबाग चौक, रायपुर (छ.ग.)
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 315/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित भवन/ भूमि/ 57/सी-224/437 शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में पुनमचंद साठिया पिता करनीदास साठिया के नाम से दर्ज है, जिसको (1) श्रीमती ममता लुनावत पति स्व. सुनील लुनावत (2) निधि लुनावत (3) अमन लुनावत पिता स्व. सुनील लुनावत (4) श्रीमती कल्पना लुनावत पति स्व. सुदीप लुनावत (5) ऋषभ लुनावत (6) वन्या लुनावत पिता स्व. सुदीप लुनावत (7) श्री मंगलचंद लुनावत पिता स्व. गुलाबचंद लुनावत ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा एवं बिना पंजीकृत वसीयतनामा, पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा। पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

INDIAN BANK

शुद्धिपत्र - मांग सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.11.2021 को नवप्रदेश, रायपुर संस्करण में प्रकाशित मांग सूचना ... की मांग सूचना में भूलवश कुछ नियम एवं शर्तें छूट गई थी जो इस प्रकार है । ... अग्रिम (NPA) में परिवर्तित हो गया है । वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(2) के तहत ... नोटिस जारी किया गया था । ... बाकी सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी। हस्ताक्षरित
प्राधिकृत अधिकारी

केनरा बैंक Canara Bank — A Government of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

शाखाः एसएमई, नंदिनी रोड, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठित तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आकर्षित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	मेसर्स ट्रेलर ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन प्रोप. श्री राजपाल सिंह भाटिया एवं गारंटर श्री हरप्रीत सिंह भाटिया	मालिक- श्री हरप्रीत सिंह भाटिया, वार्ड नं. 14, डॉ. खूबचंद बघेल, राजाभाटा, रायपुर- क्षेत्रफल- 2152, ब्लॉक नं. 14, प्लॉट नं. डब्ल्यूएसडी-22, खाता नं. 394 का भाग नं. 100/20 में स्थित भूमि व भवन । चौहद्दीः दक्षिण की ओर- सड़क, उत्तर की ओर- एस-01-02, पूर्व की ओर- डब्ल्यूएसडी-51, पश्चिम की ओर- डब्ल्यूएसडी-23.	₹ 74,08,975.50/- ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ ।	30.07.2021 / 18.11.2021

दिनांक : 19.11.2021, स्थानः भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. संभाग बलौदा बाजार (छ.ग.)

क्रमांक-7060/NIT-12/2021-2022/य ले लि — दिनांकः 16/11/2021

प्रथम आमंत्रण

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार यवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये 'ई' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र A-e में प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 04/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 08/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 10/12/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

सं क्रं.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में), अमानत राशि (रु में)
12 T0160	हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन नेवारी, विकासखण्ड सिमगा पहुंच मार्ग लं. 217.90 मीटर में सीमेंट कांक्रीट कार्य	19.90 15000.00
12 T0161	वि.ख. सिमगा के ग्राम पंचायत आमाकोनी के हाई स्कूल से रोड तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 200 मीटर	19.72 15000.00
12 T0162	वि.खं. सिमगा के ग्राम पंचायत सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 200 मीटर	19.72 15000.00
12 T0163	वि.खं. सिमगा के ग्राम पंचायत जरौद मेन रोड से हाई स्कूल भवन तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 170 मीटर	17.10 13000.00
12 T0164	वि.खं. सिमगा के ग्राम पंचायत सिनोधा मेन रोड से हाई स्कूल भवन तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 200 मीटर	19.72 15000.00
12 T0165	वि.खं. भाटापारा के उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन धुर्राबांधा के पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 200 मीटर	19.72 15000.00
12 T0166	वि.खं. भाटापारा के उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन टिकुलिया के पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 150 मीटर	16.92 13000.00
12 T0167	वि.खं. भाटापारा के उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन तरेंगा के पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 150 मीटर	16.92 13000.00
12 T0168	वि.खं. भाटापारा के हाई स्कूल भवन बिटकुली पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 205 मीटर	18.59 14000.00
12 T0169	वि.खं. खपरी एस के हाई स्कूल भवन खपरी (एस) के पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 105 मीटर	13.60 10500.00
12 T0170	वि.खं. भाटापारा के हायर सेकंडरी स्कूल भवन खैरा पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 220 मीटर	19.91 15000.00
12 T0171	वि.खं. भाटापारा हाई स्कूल भवन कोदवा पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 150 मीटर	14.09 11000.00
12 T0172	वि.खं. भाटापारा के आंगनबाड़ी केन्द्र सिंगारपुर के पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 220 मीटर	19.80 15000.00
12 T0173	वि.खं. भाटापारा मिनी स्टेडियम सिंगारपुर के पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 190 मीटर	17.00 13000.00
12 T0174	वि.खं. भाटापारा मिडिल स्कूल भवन दतरेंगा पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 150 मीटर	14.54 11000.00
12 T0175	वि.खं. भाटापारा के मिडिल स्कूल भवन सेम्हाराडीह पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 105 मीटर	10.17 8000.00
12 T0176	वि.खं. भाटापारा के आयुर्वेदिक औषधालय मोपका पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 185 मीटर	16.80 13000.00
12 T0177	वि.खं. भाटापारा पंचायत भवन कोदवा पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 185 मीटर	16.80 13000.00

निविदा समय सारिणी एवं आवश्यक निर्देश : आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है:- (1) ई-पंजीयन की छायाप्रति, (2) निवास प्रमाण-पत्र, (3) जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र, (4) पेन कार्ड, (5) अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

जी- 65241/4
कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग
बलौदाबाजार (छ.ग.)

कमार जनजाति के पुश्तैनी व्यवसाय को नहीं मिला शासकीय बाजार

■ **औने-पौने दाम में बेच रहे अपना उत्पाद, सांसद ने की पहल, लोकसभा में उठाया मुद्दा।**

गरियाबंद। वर्षों से अत्यंत पिछड़ी कमार जनजाति के लोग बांस बर्तन का व्यवसाय करते आ रहे हैं, लेकिन व्यवसाय के लिए उचित बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण इन्हें ओने-पौने दाम में अपना उत्पाद बेचना पड़ रहा। मांग तो ये वर्षों से कर रहे हैं कि शासकीय बाजार उपलब्ध हो, लेकिन अभी तक शासन-प्रशासन ने सही तरीके से इस पर ध्यान दिया, जिसके चलते आज भी बांस बर्तन के व्यवसाय के लिए बाजार का अभाव है। इस मामले को हाल में महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू ने संसद में उठाया। सांसद को इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत इस मुद्दे को लोकसभा के पटल में रखा। उन्होंने महासमुंद और गरियाबंद जिले में निवासरत अत्यंत पिछड़ी कमार जनजाति के लोगों के जीवनशैली और इनके पुश्तैनी बांस बर्तन के व्यवसाय पर फोकस किया। सांसद की पहल के बाद इस मामले में कार्रवाई होनी शुरू हुई है। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। केन्द्रीय मंत्री ने सांसद से पत्राचार कर इस मामले में राज्य क्रियान्वयन एजेंसी के माध्यम से बांस के विकास के लिए नए वीडीवीके प्रस्ताव मांगने की जानकारी दी है।

छत्तीसगढ़ में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्र में बड़ी संख्या में पिछड़ी कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। इनकी संख्या करीब 20 हजार से अधिक है। गरियाबंद जिले में गरियाबंद, छुरा, मैनपुर, तथा महामसुंद जिले में महामसमुंद और बागबाहरा ब्लॉक के अलावा धमतरी जिले में नगरी और मगरलोड में भी कमार जनजाति के परिवार निवासरत हैं। इनके समुचित विकास के लिए कमार विकास अभिकरण का भी गठन किया गया है। केंद्र सरकार विकास कार्यों के लिए फंड मुहैया कराती है। आज भी वनांचल में रहने वाले कमार जनजाति के लोगों के बेहतर विकास और उन्हें समाज के मुख्य धारा जुड़े इसके लिए इनके रोजगार और आय के साधन को मजबूत करने की जरूरत है। इसे देखते हुए सांसद ने लोकसभा में मुद्दा उठाया है। उन्होंने सरकार से बांस उत्पादों के विनिर्माण और इनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने की मांग की। सांसद ने बताया कि केन्द्रीय जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्राचार कर बताया कि सरकार द्वारा वीडीवीकेसी समूह को बांस को अपनी आजीविका गतिविधि में शामिल करने की सलाह दी जाएगी। इसके साथ ही ट्राइफेड राज्य क्रियान्वयन एजेंसी, सीजीएमएफपी संघ से महासमुंद और गरियाबंद की कमार अनुसुचित जनजाति द्वारा विशेष रूप से बांस के विकास के लिए नए वीडीवीके प्रस्वाव मंगाने की भी जानकारी दी।

करोड़ों की लागत से बन रही सड़क चढ़ रही भ्रष्टाचार की भेंट

निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही जनता पर पड़ रही भारी

■ **मामला मल्दा से उलखर तक बन रही सड़क निर्माण की है**

सारंगढ़/नवप्रदेश। दहिदा-कोसीर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। संबंधित अधिकारियों पर मामले में लापरवाही बरतने के आरोप लग रहे। अब जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों में गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर काफी आक्रोश देखने को मिल रहा। पीएम सड़क योजना से निर्माण हो रहे सड़क की धीमी गति से राहगीर परेशान हैं। मार्गों पर उड़ रही धूल व बिखरी गिट्टियां समस्या का सबब बनी हुई है। धीमी गति से हो रही सड़क निर्माण का कार्य जिसके कारण दोपहिया और चौपहिया वाहनों का सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। लोगों की शिकायत है कि निर्माण की गति बेहद धीमी है। सड़क पर गिट्टी व भस्सी डालकर छोड़ दी गई है। पानी का छिड़काव न होने तथा वाहनों के आवागमन से लगातार धूल उड़ रही है। जिससे पैदल व बाइक से चलने वाले राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

करोड़ों रुपए की सड़क में लीपापोती : सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा हर व्यक्ति के लिए अतिआवश्यक है। इन सभी में सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है मगर जब हम बात करें इन कार्यों के निर्वहन करने वालों की लोगों की सुविधाओं की कोई चिंता नहीं है। ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है कि ग्राम पंचायत मल्दा (अ) से उलखर तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य में। जिसकी लागत लगभग 11 करोड़ है और सड़क की लम्बाई 14.40 किमी है जिसमें डामरीकरण 10.30 किमी है और सीसी रोड 4.10 किमी बनना है व 5 पुल निर्माण होना है। इसका निर्माण रायगढ़ की मेसर्स हिलब्रो मेटालीक्स के द्वारा किया जा रहा है।

मुरुम की जगह मिट्टी का उपयोग

सड़क नवीनीकरण का कार्य हो रहा है। निर्माण कार्य में ठेकेदार की मनमानी सामने आई है। यहां पर सड़क के किनारे पटरी भराई में मुरुम की जगह मिट्टी डाला जा रहा है। साइड सोल्डर में मिट्टी डालने से सड़क कितने दिन तक टिकाऊ रहेगा, इस पर संदेह है। जब सड़क का किनारा ही कमजोर होगा तो सड़क की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों में गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर रोष का माहौल है। निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक में रख कर मुरुम की जगह मिट्टी का उपयोग किया गया।

दुर्लभ बीमारी से जूझ रही सृष्टि को मिली मदद

पिता को एसईसीएल ने सौंपा 16 करोड़ रुपए का चेक

कोरबा। सृष्टि रानी के इलाज के लिए एसईसीएल प्रबंधन ने 16 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी है। शुक्रवार को एसईसीएल दीपका परियोजना के महाप्रबंधक शशांक देवांगन ने सृष्टि रानी के पति सतीश कुमार को 16 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया।

एसईसीएल के दीपका कोयला क्षेत्र में कार्यरत ओवरमैन सतीश रवि की दो साल की बेटी सृष्टि रानी 'स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी' (एसएमए) नामक एक बेहद ही दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त है। अमूमन छोटे बच्चों में होने वाली इस बीमारी में स्पाइनल कॉर्ड और ब्रेन स्टेम में नर्व सेल की कमी से मांसपेशियां सही तरीके से काम नहीं कर पातीं और धीरे-धीरे यह बीमारी प्राणघातक होती चली जाती है। इसका इलाज बेहद ही महंगा है और इलाज में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन 'जोलजेंस्मा' की कीमत 16 करोड़ है। कोल इंडिया चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने 16 नवम्बर को कोल परिवार की बिटिया के इलाज के लिए 16 करोड़ की मंजूरी दी थी। सृष्टि रानी के इलाज के लिए विदेश से आयात कर 16 करोड़ रुपए का 'जोलजेंस्मा' इंजेक्शन दिया जाना है। एम्स, दिल्ली में इलाज के बाद सृष्टि फिलहाल अपने पिता के कार्यस्थल दीपका के आवास में रह रही है। उन्हें पोर्टेबल वेंटिलेटर पर रखा गया है।

गौरतलब है कि अपने जन्म के 6 महीने के भीतर ही सृष्टि काफी बीमार रहने लगी। इस बीच कोविड महामारी की वजह से उसके माता-पिता उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं ले जा सके और स्थानीय स्तर पर उसका इलाज चलता रहा।

हालत में सुधार न होता देख सतीश दिसंबर 2020 में सृष्टि के इलाज के लिए सीएमसी वेल्लोर गए। जांच के बाद पता चला कि उसे 'स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी' (एसएमए) है और 'जोलजेंस्मा' इंजेक्शन की जरूरत होगी, जो भारत के बाहर उपलब्ध है। 30 दिसंबर, 2021 को जब सतीश, सृष्टि को वेल्लोर से लेकर छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला स्थित दीपका के अपने आवास लौट रहे थे तो रास्ते में ही सृष्टि की तबीयत ज्यादा खराब हो गई।

प्रदेश के चार किसानों को मिला पादप जीनोम सेवियर पुरस्कार

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने परंपरागत किस्मों के संरक्षण के लिए किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चार किसानों को परंपरागत किस्मों के संरक्षण हेतु पादप जीनोम सेवियर पुरस्कार राज्य के बीजापुर, जांजगीर-चांपा एवं बालोद के प्रगतिशील कृषकों श्री लिंगुराम ठाकुर, श्री दीनदयाल यादव, श्री हेतराम देवांगन एवं श्री संजय प्रकाश चौधरी को देशी एवं परम्परागत किस्मों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पादप जीनोम सेवियर पुरस्कार से डेढ़ लाख रूपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने छत्तीसगढ़ राज्य के चार प्रगतिशील कृषकों सम्मानित किया। यह सम्मान भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण द्वारा प्रति वर्ष देश के कृषकों को देशी एवं परम्परागत किस्मों के संरक्षण, संवर्धन एवं उन किस्मों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया जाता है। सम्मान समारोह में कृषि महाविद्यालय, रायपुर के आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के नोडल अधिकारी, डॉ. दीपक शर्मा भी उपस्थित थे। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.एस. सेंगर ने पुरस्कृत कृषकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.एस. सेंगर ने पुरस्कृत कृषकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के प्रगतिशील कृषक श्री लिंगुराम ठाकुर को सम्मानित किया गया है। कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए श्री ठाकुर ने आदिवासी बहुल क्षेत्र में धान की विलुप्त प्राय प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्धन में अहम भूमिका निभाई है। पादप जीनोम सेवियर पुरस्कार 2021 के तहत छत्तीसगढ़ के कृषि विज्ञान केन्द्र, जांजगीर चांपा के मार्गदर्शन में कार्यरत कृषक श्री दीनदयाल यादव को छत्तीसगढ़ की 36 भाजियों के संरक्षण एवं पारंपरिक किस्मों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सम्मानित किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका में मैट्स के कुलपति करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व, देंगे व्याख्यान

■ **अकादमिक शिखर सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित**

रायपुर/नवप्रदेश। अमेरिका द्वारा विश्व गुरू एवं डी.लिट की उपाधि से सम्मानित मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. के.पी. यादव दक्षिण अफ्रीका के मलावी में आयोजित किये जाने वाले अकादमिक शिखर सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गये हैं। प्रो. यादव 'लीडरशिप एवं हाई परफार्मेंस' विषय पर व्याख्यान देंगे।

दक्षिण अफ्रीका में अकादमिक शिखर सम्मेलन का आयोजन अगले माह 17 दिसंबर को किया जा रहा है जिसमें अफ्रीका के लगभग 200 से ज्यादा सीईओ हिस्सा ले रहे हैं। अकादमिक शिखर सम्मेलन के माध्यम से वैश्विक तकनीक, व्यवसाय, उद्यमिता और शैक्षणिक क्षेत्र एक मंच पर साझा होते हैं। इस सम्मेलन में जाम्बिया, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, मोरक्को और मलावी के विषय विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य और भारत का प्रतिनिधित्व मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. के.पी. यादव (MATS VC) करेंगे जो गौरव का विषय् है। हाल ही में प्रो. के.पी. यादव को विश्व स्तर पर शिक्षा के विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को देखते हुए द यूनिवर्सिटी आफ सेंट्रल अमेरिका, बोलिविया ने डी.लिट की मानद उपाधि प्रदान की है। प्रो. यादव को किंगडम लाइफ क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी, (के.एल.सी.यू.) साउथ कैरोलीना, यूएसए ने विश्वगुरु का सम्मान प्रदान किया था।

मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. के.पी. यादव ने विश्व के अनेक देशों नाइजीरिया, टोगो, घाना, केन्या आदि के शोधार्थियों को अमेरिका की किंगडम लाइफ क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी के बैनर तले आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में शोध की बारीकियों से निरंतर अवगत कराते है।

'पेसा' नियमों पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने नागरिकों से मांगे सुझाव

■ **नियमों का प्रारूप वेबसाइट पर अपलोड लिखित रूप में या ई-मेल पर 15 दिनों के भीतर दे सकते हैं सुझाव**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 ('पेसा' अधिनियम) के प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तैयार इसके नियमों पर नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव के निर्देश पर छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम, 2021 (पेसा नियम प्रारूप प्राविधिक) को विभागीय वेबसाइट prd.cg.gov.in पर अपलोड किया गया है। प्रस्तावित नियमों से संबंधित सुझाव विभाग को लिखित रूप में या ई-मेल के माध्यम से 15 दिनों के भीतर भेजा जा सकता है। नागरिक अपने सुझाव संचालक, पंचायत संचालनालय, विकास भवन, भू-तल, नॉर्थ ब्लाक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़ को लिखित रूप में या विभाग की ई-मेल आईडी dp.cg@nic.in पर प्रेषित कर सकते हैं।

क्रांतिवीर कंगला मांझी स्मृति दिवस के लिए राज्यपाल को आमंत्रण

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में श्री मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था नई दिल्ली की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती फुलवादेवी कांगे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को आदिवासी जननायक क्रांतिवीर कंगला मांझी जी की स्मृति दिवस एवं सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर श्री राजू उइके, श्री के.डी. कांगे, डॉ. परदेशी राम वर्मा एवं श्री विजय कुमार उपस्थित थे।